(५) ''अव् तृप्तौ'' अव् धातु का तृप्ति भी अर्थ है, ''अवति तृप्यति इति ओम्'' भगवान् अपने भक्तों की निष्किञ्चन-भक्ति-भावना से तृप्त हो जाते हैं, अतः वे ही ओम् हैं। भगवान् की भक्त पर तृप्ति की बहुत सी गाथायें श्रीरामायण आदि आर्ष ग्रन्थों में उपलब्ध होती है॥ श्री॥

(६) ''अव् ज्ञाने'' ज्ञानार्थ में भी अव् धातु का पाठ है, ''अवति जानाति भक्तमनोरथान् यः सः ओम्'' भगवान् भक्तों के मनोरथों को जानने के कारण ही ओम् हैं, उनकी सर्वज्ञता तथा मनोरथों की अभिज्ञता की बहुत सी कथायें प्रसिद्ध हैं, ''यः सर्वज्ञः सर्ववित्''। उनके उदाहरण हैं अहल्योद्धरण, निषादमैत्री, शवरी के यहाँ फलभक्षण, विदुर के यहाँ शाकभोजन, चन्द्रहास की प्राणरक्षा इत्यादि॥ श्री॥

(७) ''अव् प्रवेशने'' प्रवेश अर्थ में भी अव् धातु पठित है, ''अवति भक्तमनांसि प्रविशति इति ओम्'' भगवान् भक्त के मन में अवन अर्थात् प्रवेश करते हैं, अत एव वे ओम् कहे जाते हैं। श्रीरामायण में सुतीक्ष्ण का अतिशय प्रेम देखकर भगवान् ने उनके मन में प्रवेश किया। यथा—

अतिसय प्रेम देखि रघुबीरा। प्रगटे हृदय हरन भवभीरा॥

—(मानस- ३-१०-१४)

महाभारत में श्रीद्रौपदी की ऋतुकालजनित अपवित्रता की कोई चिन्ता किये विना ही उनकी लाज बचाने के लिये प्रभु ने कृष्णा की साड़ी में प्रवेश किया। जैसा कि महाभारत सभापर्व (६७-४६) में भगवान् वेदव्यास स्वयं कहते हैं, जब अपनी लाज बचाने के लिये द्रौपदी कृष्ण, विष्णु, हरि, नर कहकर भगवान् श्रीकृष्ण को रोती हुई पुकारने लगी तभी धर्मरूप भगवान् ने द्रौपदी के वस्त्र में प्रविष्ट होकर उन्हें विविध वस्त्रों से ढक दिया।

कृष्णं च विष्णुं च हरिं नरं च
त्राणाय विक्रोशति याज्ञसेनी।
ततस्तु धर्मोऽन्तरितो महात्मा
समावृणोद् वै विविधैश्च वस्त्रैः ॥

—*(म०भा० सभापर्व- ६७-४६)*

इस श्लोक में प्रयुक्त 'अन्तरितः' शब्द बड़े ही महत्व का है। संस्कृत में अन्तर शब्द साड़ी के अर्थ में भी प्रयुक्त हुआ है, भगवान् पाणिनि बहिर्योग तथा उपसंख्यान याने वस्त्र के अर्थ में अन्तर शब्द को प्रथमा बहुवचन में विकल्प से सर्वनाम मानते हैं, "अन्तरं बहिर्योगोपसंख्यानयोः" (पा० अ० १-२-३६) "अन्तरे अन्तरा वा शटकाः" (सि० कौ० अजन्तपुंल्लिङ्ग) इस प्रकार वस्त्र के अर्थ में प्रयुक्त हुये अन्तर शब्द से आचारार्थ क्विबन्त से तिप् प्रत्यय और उसी अन्तरित के भूतकाल में कर्ता के अर्थ में "क्त" प्रत्यय करके अन्तरितशब्द सिद्ध होता है, "अन्तर इव आचरत् इति आन्तरत्, आन्तरत् इति अन्तरितः" जिसने अपने को स्वयं वस्त्र रूप में बदल लिया वे परमात्मा ही यहाँ 'अन्तरितः' शब्द से कहे गये हैं। इसी प्रसंग से द्रौपदी के वस्त्र में भगवान् का प्रवेशावतार सिद्ध होता है॥ श्री ॥

अतः गोस्वामी तुलसीदास जी ने अपनी रचना दोहावली में इस वस्त्रावतार को भगवान् के ग्यारहवें अवतार के रूप में देखा है। यथा—

सभा सभासद निरखि पट पकरि उठायो हाथ।
तुलसी धर्‌यो इगारहूँ वसनरूप यदुनाथ॥

—*(दोहावली- १६८)*

(८) "अव् श्रवणे" अवति शृणोति इति ओम्" अव् धातु का श्रवण भी अर्थ है,अवति अर्थात् जो भक्तों की करुण पुकार सुनते हैं, वे राघव तथा माधव ही ओम् हैं। भगवती श्रुति भी कहती हैं— प्रभु विना कर्णेन्द्रिय

का प्रयोग किये ही सुन लेते हैं, "स शृणोत्यकर्णः"। रामायण एवं महाभारत में भक्तों के करुणक्रन्दनश्रवण के अनेक भगवत् प्रसंग प्रसिद्ध हैं।। श्री ।।

(९) "अव् स्वाम्ये" अव् धातुका स्वामित्व स्थापन भी अर्थ है, भगवान् सबके शासक हैं, ऐसा श्रुति भी कहती है— "सर्वस्य वशी" "सर्वस्येशानः" (गीता- १५-१७) में भी कहा गया है कि— भगवान् तीनों लोकों को अपनी महिमा से आविष्ट करके भरण-पोषण किया करते हैं। "अवति स्वामित्वं करोति इति ओम्" भगवान् सबके स्वामी होने से ओम् कहे जाते हैं।। श्री ।।

(१०) "अव् करणे" अव् धातु का करना भी अर्थ है, "अवति करोति इति ओम्" भगवान् अपने भक्त का योगक्षेम वहन करते हैं, तथा समस्त संसार का सर्जन, पालन तथा संहार करते हैं, इसीलिये उन्हें ओम् कहा जाता है।। श्री ।।

(११) "अव् इच्छायाम्" "अवति इच्छतीति ओम्" भगवान् अपने भक्तों को आनन्द देने के लिये अवतार लेने की इच्छा करते हैं, और जगत् के जन्म-स्थिति-संहार की भी इच्छा करते हैं, अत एव श्रुति उन्हें ओम् कहती हैं। यदि कहें कि भगवान् की इच्छा में क्या प्रमाण है ? तो "सोऽकामयत्" यह श्रुति "स्वेच्छामयस्य न तु भूतमयस्य कोऽपि" (भागवत- १०-१४-४) स्मृति "निज इच्छा निर्मित तनु" (मानस- १-१-९२) इत्यादि अनेक प्रमाण हैं।। श्री ।।

(१२) "अव् दीप्तौ" "अवति दीप्यते इति ओम्" जो अवति अर्थात् सर्वत्र प्रकाशित होते रहते हैं वे परमप्रकाशरूप परमात्मा ही ओम् हैं। संजय ने भी धृतराष्ट्र से भगवान् के अनन्त सूर्य के प्रकाश की चर्चा गीता में की है। श्रुति भी कहतीं है कि— भगवान् के प्रकाश से समस्त जगत् प्रकाशित है, उन्हें सूर्य, चन्द्र, तारा, अग्नि या विद्युत् कोई भी नहीं प्रकाशित कर सकता।। श्री ।।

"जगत प्रकाश्य प्रकाशक रामू। मायाधीश ज्ञान गुन धामू।।"

—(मानस- १-११६-७)

(१३) "अव् आलिङ्गने" "अवति आलिंगति इति ओम्" भगवान् अपने प्रिय भक्तों को आलिंगन करते हैं, इसीलिये उन्हें ओम् कहते हैं। श्रुति भी "तदन्तरस्य सर्वस्य" कहकर भगवान् का आलिंगन प्रमाणित करती है। "समानं वृक्षं परिषस्वजाते" श्रुति में भगवान् का परिष्वङ्ग अर्थात् आलिंगन कण्ठ से

ही दिया गया। वैदिक सिद्धान्तों के व्याख्यानरूप रामायण, महाभारत तथा पुराणों में भगवान् के आलिंगन के सहस्रों प्रसंग उपलब्ध हैं। वाल्मीकीय रामायण युद्धकाण्ड में तो भगवान् राम स्पष्ट कहते हैं कि— आज मैंने उचित समय पाकर अपने सर्वस्वरूप आलिंगन को श्रीहनुमान के लिये समर्पित कर दिया (वा०रा० ६-१-१३)।। श्री ।।

(१४) ''अव् आदाने'' अव् धातु का आदान अर्थात् ग्रहण भी अर्थ है, ''अवति आदत्ते इति ओम्'' जो भक्तों द्वारा दिये हुये पत्र, पुष्प, फल, जल आदि सगुणसाकार होकर स्वीकार करते हैं, वे प्रभु ही ओम् हैं। ''अपाणिपादोजवनो गृहीता'' यह श्रुति प्रमाण है। और (गीता- ९-२६) में भी भगवान् भक्त द्वारा उपहृत पत्र-पुष्प-फल-जल के स्वीकार की प्रतिज्ञा भी करते हैं।। श्री ।।

(१५) ''अव् दाने'' ''अवति ददाति अभीप्सितं भक्तेभ्य: इति ओम्'' जो भक्तों को मनोवाञ्छित प्रदान करते हैं, वे प्रभु ओम् हैं। अत: भगवान् गीता में कहते हैं ''ददामि बुद्धियोगं तम्'' (गीता- १०-१०)।। श्री ।।

(१६) ''अव् हिंसायाम्'' हिंसा भी अव् धातु का अर्थ है, भगवान् भक्त के दोष और पाप नष्ट कर डालते हैं, अत: उन्हें ओम् कहते हैं। ''अवति हिनस्ति भक्तदोषान् पापानि च य: स: ओम्'' (भागवत- ११-५-४२)। नौ योगेश्वर महाराज नेमि से कहते हैं कि— अपने चरणकमलों का भजन करने वाले अनन्य भक्त के हृदय में विराजकर भगवान् उसके समस्त विरुद्ध कर्मों को समाप्त कर डालते हैं।। श्री ।।

(१७) ''अव् विभागे'' अव् धातु का विभाग भी अर्थ है, ''अवति विभजत इति ओम्'' जो अन्तर्यामिरूप से प्रत्येक शरीर में अपने को विभक्त करके विराजते हैं, वे परमात्मा ओम् हैं। इसमें बृहदारण्यक का अन्तर्यामि ब्राह्मण ही प्रमाण है।। श्री ।।

(१८) ''अव् वृद्धौ'' अव् धातु का वृद्धि अर्थात् बढ़ना अर्थ है, ''अवति वर्धते इति ओम्'' जो बलि का मद भंग करने के लिये वामन से विराट् होकर बढ़ जाते हैं वे परमात्मा विराट् ओम् हैं, इसीलिये उन्हें ब्रह्म कहते हैं।। श्री ।।

(१९) ''अव् वर्धने'' ''अवति वर्धयति इति ओम्'' जो अपने भक्तों को सबसे बड़ा बना देते हैं वे सर्वगुणसम्पन्न भगवान् ही ओम् हैं। इस

प्रकार अव् धातु से निष्पन्न उन्नीस व्युत्पत्तियों द्वारा ओम् शब्द के परम तात्पर्य रूप में भगवान् राम ही सिद्ध होते हैं ।। श्री ।।

रक्षणगमन कान्ति प्रीति के भी वाच्य प्रभु,
परम कृपालु जनतृप्ति अभिधार्थ हैं।
ज्ञान औ प्रवेशन सुजन विपदा श्रवण,
सकल त्रिलोक स्वामिभाव सुसमर्थ हैं।
जगत जनन भवलय के कारणहार,
इच्छा दीप्ति आलिंगन दानादान स्वर्थ हैं।
पाप हिंसा भागवृद्धि संगत प्रणव वाच्य,
रामभद्र में समस्त ये उन्नीस अर्थ हैं ।। श्री ।।

ॐ पूर्णमदः पूर्णमिदं पूर्णात्पूर्णमुदच्यते।
पूर्णस्य पूर्णमादाय पूर्णमेवावशिष्यते ।।

शब्दार्थ– 'ओम्' पूर्वोक्त उन्नीस अर्थों में वाच्य सगुण साकार परमेश्वर "अदः" वह सर्वावतारी साकेतविहारी परमात्मा "पूर्णम्" पूर्ण है। "इदम्" यह अतिसमीपवर्ती श्रीरामकृष्णादि रूपों में अवतीर्ण परमात्मा, 'पूर्णम्' पूर्ण है। "पूर्णात्" पूर्ण अवतारी परब्रह्म की अपेक्षा 'पूर्णम्' अवतार लेकर पृथिवी पर आया हुआ रामकृष्णादि रूपों में वर्तमान पूर्णब्रह्म, 'उदच्यते' उत्कृष्टतया पूजित होता है। 'पूर्णस्य' साकेतलोकादि में रहने वाले अवतारी पूर्णब्रह्म के 'पूर्णम्' पूर्ण षडैश्वर्य को "आदाय" प्राप्त करके "पूर्णम् एव अवशिष्यते" अवतार दशा में भी पूर्ण ब्रह्म पूर्ण ही रहता है ।। श्री ।।

भावार्थ– सभी अवतारों का अवतारी वह "अदः" अर्थात् मानव की कल्पना से अत्यन्त दूर परमव्योम साकेतादि लोकों में विराजमान परब्रह्म पूर्ण है, अर्थात् ज्ञानादि ऐश्वर्य से सम्पन्न है। उसी प्रकार "इदम्" अर्थात् अवतार लेकर श्रीरामकृष्णादि रूपों में यह याने सबके नेत्रों का विषय बना हुआ परब्रह्म भी पूर्ण ही है। इस श्रुति से स्पष्ट हो जाता है कि अवतारी और अवतार में कोई छोटा-बड़ा नहीं होता। परन्तु साधक की दृष्टि में पूर्ण अवतारी ब्रह्म से पूर्ण अवतार बह्म "उदच्यते" उत्कृष्ट है। क्योंकि अवतारी की अपेक्षा अवतार ब्रह्म में सुलभता-पतितपावनता-दीनबन्धुत्व-भक्तवत्सलता आदि गुण अधिक हैं। यदि ब्रह्म अवतार न ले तो शवरी-जटायु-श्रीहनुमान-

व्रजाङ्गना-विदुर आदि के मनोरथ कैसे पूर्ण हो सकेंगे ? क्या साकेतविहारी श्रीराम से केवट चरण धुलाने का हठ करेगा ? क्या गोलोकविहारी श्रीकृष्ण को गोपियाँ छछिया भरी छाछ पर नाच नचा सकेंगी ? उसी पूर्ण अवतारी ब्रह्म के सम्पूर्ण गुणों को प्राप्त कर यह ब्रह्म अवतार काल में भी पूर्ण ही रहता है। अर्थात् अवतार लेकर भी भगवान् अपने स्वरूप से च्युत नहीं होते ।। श्री ।।

विशेष– यहाँ 'अद:' शब्द दूर अर्थात् वाणी-मन से परे निर्लीनगुणक साकतविहारी अवतारी ब्रह्म का बोधक है। "इदं" शब्द सगुण स्वरूप समीपवर्ति सबके नेत्रों के विषय बने हुये अवधविहारी भगवान् श्रीराम, एवं वृन्दावनविहारी श्रीकृष्णचन्द्र का वाचक है। इन दोनों में कोई अन्तर नहीं है, दोनों ही पूर्ण हैं। जब भगवान् अपने गुणों को छिपा लेते हैं तभी उन्हें निर्गुण का जाता है, "निर्लीना: गुणा: यस्मिन् तन्निर्गुणम्" और जब भक्तों के उपयोगी गुणों को प्रकट करते हैं, तब वे सगुण कहे जाते हैं। वस्तुत: गुणों का भगवान् से स्वरूप सम्बन्ध है, जैसे जल अपनी मधुरिमा को नहीं छोड़ सकता उसी प्रकार भगवान् चाह कर भी अपने गुणों को नहीं छोड़ सकते। सौन्दर्यादि निरतिशयकल्याणगुणगण परमात्मा के स्वभावसिद्ध उपकरण हैं। अत एव निर्गुण या अवतारी पूर्ण ब्रह्म की अपेक्षा सगुण अवतार ब्रह्म भक्तों द्वारा उत्कृष्ट भावना से पूजा जाता है। क्योंकि सगुण ब्रह्म ही भक्तों की सभी समस्याओं का निवारण कर सकता है। जो लोग "उदच्यते" शब्द का निकलना अर्थ मानकर ऐसा अर्थ करते हैं कि— "पूर्ण ब्रह्म से पूर्ण जीव निकला है" उनसे यह पूछना चाहिये कि उन्होंने "उत् उपसर्गपूर्वक "अञ्चु" धातु से कर्मवाच्य लट्लकार में निष्पन्न "उदच्यते" शब्द का "निकलता है" यह कर्तृवाच्य अर्थ कैसे स्वीकारा ? क्योंकि "गम्" धातु के साथ "निर्" उपसर्ग जोड़ने पर ही निकलना अर्थ किया जा सकता है। जैसे 'निर्गच्छति, "निर्याति"। उत् पूर्वक "गम्" धातु का उत्कृष्ट गमन या ऊपर गमन अर्थ होता है,वह भी कर्तृवाच्य में। कभी-भी "बालक जाता है" शब्द का "बालक: गम्यते" अनुवाद नहीं करता, और न ही इस अर्थ से वैयाकरण सहमत होता है। अत: पूजनार्थक सकर्मक "अञ्चु" धातु के कर्मवाच्य में निष्पन्न "पूर्णम् उदच्यते" शब्दखण्ड का उत्कृष्ट पूजन फलाश्रय अर्थ ही करना चाहिये। अर्थात् निर्गुण ब्रह्म की अपेक्षा उत्कृष्ट मानकर ही भक्तों द्वारा सगुण ब्रह्म

पूजित होता है। भगवान् श्रीकृष्ण भी श्रीगीता जी के बारहवें अध्याय के पूर्वार्ध में निर्गुण ब्रह्म की अपेक्षा सगुण ब्रह्म की श्रेष्ठता का प्रतिपादन करते हैं। और श्रुति भी कहती है— "स उ श्रेयान् भवति जायमान:" अर्थात् अवतार लेकर भगवान पूर्व से अधिक सुन्दर लगने लगते हैं। मानस युद्धकाण्ड में देवराज इन्द्र कहते हैं— भले कोई वेदवेद्य-अव्यक्त निर्गुण ब्रह्म का ध्यान करे परन्तु मुझे तो सगुणस्वरूप अयोध्याधिपति भगवान् श्रीराम ही अधिक भाते हैं—

को ब्रह्म निर्गुण ध्याव अव्यक्त जेहिं श्रुति गाव।
मोहि भाव कोसल भूप श्रीराम सगुण स्वरूप।।

—*(मानस-* ६-११२-७)

वस्तुत: यदि "अद:" पद से ब्रह्म और "इदं" पद से जीवरूप अर्थ स्वीकार लिया जाय तो स्वीकार करने वाले महोदय के ही प्राणप्रिय पक्ष अद्वैत की ही हानि हो जायेगी। क्योंकि समानरूप से दो पूर्ण सत्ता स्वीकार लेने पर अपने आप द्वैत आ जायेगा। 'पूर्ण से पूर्ण निकलता है', अर्थ स्वीकारने पर परमात्मा अंशी और जीव अंश है इस सिद्धान्त की भी हत्या हो जायेगी। क्योंकि अब तो दोनों ही अपूर्ण हो जायेंगे। अत: मेरी व्याख्या ही शास्त्रसम्मत है। ऐसे पूर्ण ब्रह्म के पूर्ण ऐश्वर्य को प्राप्त कर सगुण ब्रह्म पूर्ण ही रहता है, अर्थात् अवतार काल में भी ईश्वर में अपूर्णता नहीं आती और उस निर्गुण सगुणरूप परब्रह्म का पूर्ण कृपाप्रसाद प्राप्त कर यह जीवजगत भी "पूर्ण" अर्थात् पूर्णकाम हो जाता है और प्रलय में भी नष्ट नहीं होता।। श्री।।

सम्बन्ध भाष्य– अब शुक्लयजुर्वेद की वाजसनेय माध्यन्दिनी शाखा संहिता के चालीसवें अध्याय पर राष्ट्रभाषा में श्रीराघवकृपाभाष्य प्रस्तुत किया जा रहा है। इससे पहले उन्तालीस अध्यायों में कर्मकाण्ड का प्रतिपादन किया गया। इस चालीसवें अध्याय में ज्ञानकाण्ड का प्रतिपादन होने से इसे उपनिषद् कहते हैं। उपनिषद् का अर्थ है समीप या चिपककर बैठनेवाली "उप निषीदति, उपश्लिष्य नितरां तिष्ठति इत्युपनिषत्", आशय यह है कि सभी श्रुतियाँ भगवान् की पत्नियाँ हैं। जैसे बहुत सी पत्नियों में कुछ बहिरंग सेवा में रहती हैं, तथा कुछ अन्तरंग सेवा में पति की प्रिय बन जाती हैं। उसी प्रकार कर्मकाण्ड और उपासना काण्ड की श्रुतियाँ बहिरंग वधुओं की भाँति भिन्न-भिन्न देवों के प्रतिपादन के बहाने भगवान् का परम्परया

प्रतिपादन करती हैं, तथा ज्ञानकाण्डीय श्रुतियाँ अन्तरंग पत्नी की भाँति प्रभु का साक्षात् प्रतिपादन करने से परमेश्वर के समीप उनसे सटकर बैठने का सौभाग्य प्राप्त करके उपनिषद् नाम से जानी जाती हैं। उनमें से यह सर्वप्रथम तथा ''ईशावास्य'' शब्द से प्रारम्भ किये जाने से ''ईशावास्य'' उपनिषद् के नाम से प्रसिद्ध है॥ श्री॥

ॐ ईशांवास्यमिदम ँ् सर्वं यत्किंञ्च जगत्यां जगत्।
तेन त्येक्तेन भुञ्जीथा मा गृधः कस्य स्विद्धनम्॥१॥

रा० कृ० भा० सामान्यार्थ– ''जगत्याम्'' ''इस पृथ्वी पर ''यत् किंच'' जो कुछ भी दिख रहा है, ''इदं सर्वं'' यह सब, ''जगत्'' जड़-चेतनात्मक संसार, ''ईशावास्यम्'' ईश्वर द्वारा आच्छादित है, अथवा ईश्वर का निवास रूप है। ''तेन'' इसलिये 'त्यक्तेन भुञ्जीथा:'' त्यागपूर्वक भोग करो, अथवा ''तेन'' उस ईश्वर द्वारा ''त्यक्तेन'' अपने लिये दिये हुये उपकरणों द्वारा ही ''भुञ्जीथा:'' शरीर का निर्वाह करो। ''कस्यस्विद् धनम्'' किसी के भी धन का ''मा गृध:'' लोभ मत करो॥ श्री॥

भावार्थ– भगवती श्रुति कहती है— हे जीव! इस पृथिवी पर जो कुछ भी जड़-चेतनात्मक जगत् दिख रहा है, वह सब ईश्वर का निवास स्थान है। इसीलिये उन्हीं परमात्मा द्वारा कृपापूर्वक दिये हुये साधनों को प्रसाद मानकर शरीर चलाने के लिये ही आहार-विहार आदि करो। किसी के भी धन पर लालच मत करो, क्योंकि धन किसी का भी नहीं होता॥ श्री॥

विशेष– इस मन्त्र में 'ईश' शब्द से ईश्वर 'इदं' शब्द से अचित् तथा 'भुञ्जीथा:'' शब्द से चित् इन तीनों तत्वों का संकेत करके श्रुति ने विशिष्टा-द्वैतावाद की वैदिकता पर मुहर लगाते हुये उसकी परम प्रामाणिकता सिद्ध की है। विशिष्टाद्वैत के अनुसार जीव-जगत्-जगदीश ये तीन तत्व हैं, इन्हीं को दार्शनिक भाषा में चित्-अचित् और विशिष्ट कहा जाता है। चित् अर्थात् जीव तथा अचित् याने प्रकृति ये दोनों ही परमात्मा के विशेषण हैं इनसे परमात्मा का शरीरशरीरिभावसम्बन्ध है। ब्रह्म कार्यकारण भेद से दो प्रकार का है, कारण ब्रह्म वह जो साकेतादि लोकों में विराजमान हैं, तथा सबका व्यापक और सबसे परे हैं। कार्य ब्रह्म इस जीव जगत् से जुड़ा हुआ अन्तर्यामी रूप से सबके साथ है। ये दोनों ही कार्यकारण ब्रह्म चित् और अचित् से विशिष्ट होते हुए तत्वत: एक ही हैं, इनमें द्वैत नहीं है, अत:

इन दो (कार्यकारण ब्रह्म) अर्थात् विशिष्टों का अद्वैत ''एकत्व'' होने से इस सिद्धान्त को विशिष्टाद्वैतवाद कहते हैं।। श्री ।।

विशिष्टं च विशिष्टं च ब्रह्मणी कार्यकारणे।
तयोरद्वैतमित्येतत् विशिष्टाद्वैतमुच्यते ।।

श्रीसीताराम ही विशिष्टाद्वैतवाद के प्रतिपाद्य हैं। अत: श्रीरामानन्दाचार्य का अभिमत दर्शन सीताराम विशिष्टाद्वैतवाद दर्शन ही है। हमारे यहाँ सीताजी भी श्रीराम से अभिन्न ब्रह्मतत्व ही हैं, एक ही ब्रह्म वात्सल्यावच्छिन्नचैतन्य संविदानन्द बन कर श्रीसीतारूप में प्रकट होता है, और वही सौन्दर्य मिश्रित माधुर्यावच्छिन्नचैतन्यसच्चिदानन्द बन कर श्रीराम रूप में प्रकट होता है। यही श्रीरामानन्दश्रीवैष्णवसम्प्रदाय की उपासना का अन्तरंग रहस्य है।। श्री ।।

''ईशावास्यम्'' इस पद में पूर्वाचार्यों ने 'ईशा' 'आवास्यम्' ये दो पद माने हैं। 'ईशा' शब्द हलन्त ईश् शब्द से तृतीया एकवचन का रूप है, 'आवास्यम्' शब्द में 'तव्य' के अर्थ में 'ण्यत्' प्रत्यय हुआ है, इस प्रकार उनके मत में यह सम्पूर्ण जगत् ईश् अर्थात् परमात्मा द्वारा आवास्य अर्थात् आच्छादनीय है। तात्पर्य यह है कि सारा संसार ईश्वर के द्वारा ढकने योग्य है। परन्तु इस अर्थ से मैं सहमत नहीं हूँ, यह व्याख्या सुनने में ही कितनी अटपटी लग रही है। पहली बात तो यह है कि यहाँ भविष्यत् काल का औचित्य क्या है ? इस जगत् को अब तक ईश्वर ने क्यों नहीं ढक लिया ? और उस स्वतन्त्र परमात्मा के लिये विधेयता का निर्देश करने वाले हम होते ही कौन हैं ? आचार्य शिष्य को कह सकता है— 'त्वया सन्ध्या कर्तव्या' तुम्हें सन्ध्या करनी चाहिए। पर सामान्य जीव परमात्मा के लिये कहे 'ईशेन जगत् आवास्यम्' 'ईश्वर द्वारा जगत् को आच्छादित कर लेना चाहिये' यह कितना विचित्र लगता है। वस्तुत: मैं यहाँ विनम्रतापूर्वक कहना चाहूँगा कि ''आवास्य'' शब्द में ''बहुलं छन्दसि'' (पा०अ० ३-२-८८) सूत्र से आङ् पूर्वक णिजन्त वस् धातु से कर्मवाच्य भूतकाल क्त प्रत्यय के स्थान पर 'ण्यत्' प्रत्यय हुआ। यहाँ 'आवसितं' के स्थान पर आवास्य शब्द का प्रयोग है, और ईश शब्द हलन्त न होकर अजन्त है। उसी ईश शब्द का आवास्य के साथ तृतीया तत्पुरुष समास हुआ है। 'ईशेन आवास्यम् ईशावास्यम्' ईशेन आवासितम् इत्यर्थ:। अर्थात् यह जगत् जब से परमात्मा द्वारा बनाया गया तभी से उन्हीं ईश्वर द्वारा अपनी महिमा

से आवासित अर्थात् आच्छादित है। जैसे माँ नवजात शिशु को अपने आँचल में ढके रहती हैं, वैसे ही माँ रूप परमात्मा ने जगत् को योगमाया के आंचल से ढका हुआ है। अथवा 'आवास्य' शब्द आच्छादनार्थक 'वस्' धातु से नहीं बना है, यह 'आङ् पूर्वक निवासार्थक भ्वादिगणपठित वस् धातु से बना है। यहाँ 'घञ्' प्रत्यय हुआ है और फिर अत्यन्त स्वार्थिक 'ष्यञ्' प्रत्यय करके 'आवास्य' शब्द बनाया गया है, और ईश शब्द के साथ षष्ठीतत्पुरुष समास किया गया है। ''ईशस्य आवास्यम् ईशावास्यं'' यह सारा जगत् ईश यानी ईश्वर का 'आवास्य' अर्थात् आवास है। स्वार्थिक प्रत्यय का तात्पर्य यह है कि यह जगत् ईश्वर का निरन्तर निवास स्थान है, एक क्षण भी भगवान् इस जगत् को नहीं छोड़ते। जगत् का अर्थ है जो भगवान् से जन्म लेकर फिर उन्हीं में चला जाता है, ''जायते गच्छतीति जगत्'' यदि कहें यहाँ ईश्वर को जीवात्मा से अभिन्न मानकर उसी से जगत् को आच्छादनीय कहा गया तो यह पक्ष भी गलत है। क्योंकि जीवात्मा का परमात्मा से अभेदवाद ही सर्ववेदान्तसम्मत नहीं है। अभेदवाद की स्थापना एक आचार्य ने की और उसका विरोध किया पाँच आचार्यो ने। यदि श्रुति को परमात्मा से जीवात्मा का अभेद स्वीकार होता तो वह तृतीय चरण में ''तेन त्यक्तेन'' न कहकर ''स्वेन त्यक्तेन'' कहती। यहाँ 'आवास्य' शब्द शरीर के अर्थ में भी कहा जा सकता है। ''आवसन्ति सप्तधातवः यत् तत् आवास्यम्'' इसी शरीर में रस आदि सातों धातु निवास करते हैं, इसीलिये इसे आवास्य कहते हैं। ''ईशस्य आवास्यं शरीरम् इति ईशावास्यं'' यह सम्पूर्ण संसार परमात्मा का शरीर है। इसीलिये बृहदारण्यक उपनिषद् के अन्तर्यामी ब्राह्मण में ''यस्य पृथिवी शरीरम्'' इत्यादि मन्त्रों से पृथिवी से प्रारम्भ करके जीवात्मा पर्यन्त सम्पूर्ण जगत् परमात्मा का शरीर कहा गया है। किं बहुना वहाँ तेईस बार परमात्मा के साथ जगत् के शरीर-शरीरिभावसम्बन्ध को अभ्यास के रूप में कहा गया है। महर्षि वाल्मीकि ने भी ब्रह्माजी के माध्यम से जगत् को भगवान् राम का शरीर कहा है— ''जगत् सर्वं शरीरं ते'' (वा० रा० ६-११७-२७) अर्थात् इस पृथिवी पर दृश्यमान समस्त जगत् सर्वसमर्थ परमात्मा का आच्छादन निवासस्थान और उन परमेश्वर का शरीर भी है ॥ श्री ॥

''तेन'' यहाँ तत् शब्द पूर्व में चर्चित और प्रधान तथा बारंबार चर्चित होने से श्रोता और वक्ता की बुद्धि में आये हुये परमात्मा का बोधक

है। क्योंकि सर्वनाम पूर्व, प्रधान तथा बुद्धिस्थ के बोधक होते हैं। ''त्यक्त'' शब्द का अर्थ त्याग नहीं प्रत्युत दिया हुआ समझना चाहिये। श्रुति कहती है कि— उस परमात्मा द्वारा दिये हुये उपकरण से ही जीवन निर्वाह के लिये ''भुञ्जीथा:'' भोग अर्थात् आहार-विहारादि व्यवहार करो। यहाँ कुछ लोग ''तत्'' सर्वनाम को हेतु वाचक तथा ''त्यक्त'' शब्द को त्यागार्थक मानकर ''भुञ्जीथा:'' शब्द में प्रयुक्त भुज् धातु को पालनार्थक मानकर ''इसीलिये त्यागपूर्वक भोग करो अर्थात् अनात्मतत्व को छोड़कर आत्मतत्व का पालन करो।'' इस प्रकार अनर्गल अर्थ करते हैं। परन्तु ''तत्'' शब्द यहाँ कभी भी हेतुवाचक नहीं बन सकता, क्योंकि पूर्व में ''ईश'' शब्द का प्रयोग हो चुका है। जो पूर्व में भी है तथा प्रधान भी और हमारी बुद्धि में स्थित भी। इसी प्रकार ''व्यक्त'' शब्द में अस्वाभाविक भावार्थक ''क्त'' प्रत्यय नहीं करना चाहिये। ''त्यज्'' धातु का अर्थ अतिसर्जन यानी दान है, अत; ''त्यक्त'' शब्द का अर्थ हुआ दत्त यानी दिया हुआ। ''त्यक्तेन'' की तृतीया करण में है, अर्थात् उस परमात्मा द्वारा दिये हुये उपकरण से ही अपना व्यवहार चलाओ। ''भुञ्जीथा:'' भुज् धातु पालन और अभ्यवहार यानी भोजन के अर्थ में प्रसिद्ध है, ''भुजोऽनवने'' (पा०अ०- १-३-६६) सूत्र से अनवन अर्थात् पालन से भिन्न भोजन अर्थ में ही भुज् धातु से आत्मनेपद होता है, अत: ''भुञ्जीथा:'' का अर्थ होगा भोजन करो। माता श्रुति कहती हैं कि— मैं तुम्हें भोजन से मना नहीं कर रही, परन्तु ''तेन त्यक्तेन भुञ्जीथा:'' तुम्हारे पिता परमात्मा ने तुम्हें जितना दिया है उतने ही साधन से अपने भोजन की व्यवस्था करो। ''कस्यस्विद् धनं मा गृध:'' किसी के भी धन को लोभ का विषय मत बनाओ, ''मा गृध:'' नहीं तो गृद्ध हो जाओगे, सिद्ध नहीं बन सकोगे। यहाँ ''स्वित्'' शब्द निरर्थक नहीं है, यह चित् के अर्थ में प्रयुक्त हुआ है। ''क'' शब्द का ब्रह्मा भी अर्थ होता है, श्रुति कहती है कि तुम्हारे कर्म के अनुसार तुम्हारे पिता परमात्मा ने तुम्हें जितना दिया है उसी में सन्तोष मानो, उससे अतिरिक्त ब्रह्मा के भी धन का लालच मत करो ॥ श्री ॥

संगति– ईशावास्योपनिषद् केवल ज्ञान की प्रतिपादिका नहीं, श्रुतियाँ सार्वभौम होती हैं, अर्थात् भगवान् की भाँति वेदमन्त्रों के भी अनेक आयाम होते हैं, इसीलिये प्रथम मन्त्र में चिदचिद्विशिष्ट परमात्मा की जगत् में सत्ता का प्रतिपादन करके परमात्मा के दिये हुये साधनों द्वारा ही आहारादि का विधान तथा दूसरों के धन की लालच का निषेध करके भगवती श्रुति अब

द्वितीय मन्त्र से अकर्मण्य के जीवन की इच्छा का नियमन कर रही है। श्रुति का तात्पर्य है कि— जो भी मनुष्य इस संसार में आया है उसे अपने-अपने वर्ण और आश्रम की मर्यादा के अनुसार वेदविहित कर्म करते हुये ही पूर्ण आयु पर्यन्त जीने की इच्छा करनी चाहिये। यदि वर्णाश्रमानुसार वेदविहित कर्मों को करने का सामर्थ्य न हो तब भगवान् से मृत्यु माँग लेनी चाहिये ।। श्री ।।

कुर्वन्नेवेह कर्माणि जिजीविषेच्छत ँ् समाः ।
एवं त्वयि नान्यथेऽतोऽस्ति न कर्म लिप्यते नरे ।।२।।

रा०कृ०भा० (सामान्यार्थ)– ''इह'' इस कर्मभूमि संसार में मनुष्य शरीर प्राप्त करके, ''कर्माणि'' अपने-अपने वर्णाश्रमों की मर्यादा अनुसार वेदविहित कर्मों को, ''कुर्वन् एव'' परमेश्वर के चरणों में फल समर्पण की बुद्धि से निष्काम भावना से करते हुये ही, ''शतं समाः'' सौ वर्ष पर्यन्त (सैकड़ों वर्षों तक) ''जिजीविषेत्'' तुम जीने की इच्छा करो, अथवा तुम्हें जीने की इच्छा करनी चाहिये, ''एवम्'' इस प्रकार भगवान् की प्रसन्नता के लिये निष्काम भावना से वेदविहित कर्म करते हुये, ''नरे'' संसार में अनासक्त रहते हुये, ''त्वयि'' तुझ जीव में ''कर्म न लिप्यते'' कर्म का लेप नहीं होगा, अर्थात् कर्म का बन्धन नहीं होगा। ''इतः अन्यथा न'' तुम्हारे लिये (जीव के) निष्काम कर्म मार्ग से अतिरिक्त दूसरे प्रकार से वर्तन का कोई मार्ग नहीं है, अर्थात् जीवन प्राप्त करके तुम्हें अपने लिये वेदविहित कर्म करने ही चाहिये, और कर्मफल की इच्छा नहीं रखनी चाहिये ।। श्री ।।

भावार्थ– भगवती श्रुति आज्ञा के स्वर में कह रही है कि— हे जीव! इस संसार में आकर अपनी वर्णाश्रममर्यादा के अनुकूल अपने लिये भगवान् वेद द्वारा विहित नित्यनैमित्तिकप्रायश्चित्त आदि कर्मों को परमेश्वर के चरणों में कर्म फलों का समर्पण करके निष्काम भावना से करते हुये सैकड़ौं वर्षों तक तुम्हें जीने की इच्छा करनी चाहिये। इस प्रकार संसार में अनासक्त रह कर परमेश्वर की प्रसन्नता के लिये निष्काम भावना से कर्म करते हुये तुझ जीव में कर्म का लेप अर्थात् बन्धन नहीं होगा। तुम्हारे लिये भगवत्प्रीतिनिमित्तक निष्कामकर्ममार्ग से अतिरिक्त और कोई दूसरा प्रकार नहीं है, इसी एक ही प्रकार से तुम कर्मबन्धन से मुक्त हो सकोगे ।। श्री ।।

विशेष– भगवती श्रुति जीव की अकर्मण्यता का निषेध करती हैं, श्रुति का मन्तव्य है कि— "यदि तुम्हें प्रभु की कृपा से मानव शरीर मिला है तो इसका सदुपयोग कर लो। क्योंकि मानव शरीर ही कर्म करने में समर्थ है, और शरीर तो कर्मफलों के भोग के लिये ही होते हैं।" श्रीमानस के उत्तरकाण्ड में भगवान् श्रीराम भी प्रजा से कहते हैं—

बड़े भाग मानुष तनु पावा। सुर दुर्लभ सब ग्रंथन गावा।
साधन धाम मोच्छ कर द्वारा। पाइ न जेहिं परलोक सँवारा।।

—(मानस ७-४३, ७-८)

सो परत्र दुख पावइ सिर धुनि धुनि पछिताई।
कालहि कर्महि ईश्वरहि मिथ्या दोष लगाई।।

—(मानस ७-४३)

अर्थात्– बडे भाग्य से मनुष्य शरीर मिला है। सब ग्रन्थों ने यही कहा है कि यह शरीर देवताओं को भी दुर्लभ है (कठिनता से मिलता है)। यह साधन का धाम और मोक्ष का दरवाजा है। इसे पाकर भी जिसने परलोक न बना लिया वह परलोक में दुःख पाता है, सिर पीट-पीट कर पछताता है तथा (अपना दोष न समझकर) काल पर, कर्म पर और ईश्वर पर मिथ्या दोष लगाता है।। श्री ।।

"कुर्वन्" शब्द में परस्मैपद से "शतृ" प्रत्यय किया गया है। "करोति इति कुर्वन्" डुकृञ् धातु में ञ् इत् संज्ञक है, यहाँ जब कर्म का फल कर्तृगामी अर्थात् कर्ता को प्राप्त होगा, तभी आत्मनेपद के प्रत्यय होंगे। चूँकि 'कुर्वन्' यह शतृ प्रत्यय परस्मैपद का है इससे स्पष्ट है कि यहाँ कर्म का फल करने वाले को नहीं प्राप्त हो रहा है, इस प्रकार की क्रिया का प्रयोग करके श्रुति कहना चाहती है कि— तुम वेद विहित सभी कर्मो को करो परन्तु उनके फल परमेश्वर को सौंप दो, फल की इच्छा करके बन्धन में पड़ जाओगे। "एव" शब्द यहाँ क्रिया से अन्वित होकर अत्यन्तायोग का व्यवच्छेद कर रहा है, श्रुति का आशय यह है कि— मानव शरीर पाकर तुम्हें वैदिक कर्म करने पड़ेंगे ही, बिना कर्म के तुम्हें जीने का कोई अधिकार नहीं है। संस्कृत में "समा" शब्द वर्ष का वाचक है, और "शत" शब्द अनन्त का वाचक है, भाव यह है भगवत् प्रीत्यर्थ कर्म करते हुये तुम्हें अनन्त वर्ष तक जीने का अधिकार है।

समाज में उपेक्षित दीन-हीन अपंग विकलांगों की सेवा ही भगवान् की सेवा है, पर इसमें कुछ भी चाह लिया तब भगवान् प्रसन्न नहीं होंगे। यहाँ तो हनुमान जी की भाँति अपने नाम की भी इच्छा नहीं करनी चाहिये। ''जिजीविषेत्'' यह जीव धातु से निष्पन्न 'सन्' प्रत्ययान्त प्रयोग है, और यहाँ ''व्यत्ययो बहुलम्'' (पा०अ०- ३-१-८५) पाणिनीयसूत्र से मध्यमपुरुष एकवचन के अर्थ में प्रथमपुरुष का एकवचन हो गया है। अर्थात् ''जिजीविषे:'' के अर्थ में जिजीविषेत् का प्रयोग है। यहाँ विधि अर्थ में 'लिङ्' लकार है, और पूर्वमीमांसा के अनुसार अत्यन्त अप्रप्ति में ही श्रुतियाँ किसी कार्य का विधान करती हैं। ''विधिरत्यन्तमप्राप्तौ'' जागना-सोना-भोजन-स्नान आदि शरीर सम्बन्धी कर्म तो स्वभाव से होते ही रहते हैं, भगवान् श्रीकृष्ण भी (गीता- ३-५) में कहते हैं कि— कोई भी प्राणी शरीर सम्बन्धी कर्मों को किये विना क्षण भर भी यहाँ नहीं रह सकता, किसी के न चाहने पर भी प्रकृति के गुण उससे हठात् कर्म कराते ही रहते हैं। इसीलिये अपने आप प्राप्त शारीरिक कर्मों के लिये श्रुति विधान नहीं करती, वह तो उन्हीं वैदिक कर्मों के लिये मनुष्य को आदेश करती है जिनमें वह अपने मन से प्रवृत्त नहीं होता। क्योंकि वैदिक कर्मों को मनुष्य के न चाहने पर भी उससे प्रकृति के गुण नहीं करा पाते, ये उनके अधिकार क्षेत्र से परे हैं। इसीलिये श्रुति वैदिक कर्म के लिये ही विधिवाक्य का प्रयोग करती है। ''एवम्'' ऐसा करने से तुम कर्मबन्धन से लिप्त नहीं होगे। ''नरे'' नर शब्द यहाँ बहुत महत्त्व का है 'न रमति इति नर: तस्मिन् नरे'' श्रुति कहती है कि तुम संसार में रह कर कर्म करो परन्तु संसार में तुम्हारी आसक्ति नहीं होनी चाहिये, तुम्हारी आसक्ति तो भगवान् श्री सीताराम जी के नाम-रूप-लीला-धाम में ही रहनी चाहिये, तन काम में मन राम में,

तन से कर्म करो विधि नाना। मन राखो जहँ कृपा निधाना।।

जैसे पानी में नाव का रहना उचित है पर यदि नाव में पानी आ जायेगा तो नाव डूब जायेगी। उसी प्रकार तुम संसार में रहो पर अपने मन में संसार को नहीं रहने दो। उसमें तो राघवेन्द्र सरकार को ही पधरा लो। ''लिप्यते'' शब्द में भी वर्तमान के समीप भविष्यत्काल में वर्तमान काल का प्रयोग है, अर्थात् जब तुम्हारा मन राम में रमेगा तब कर्म का बन्धन नहीं होगा, जैसे श्रीवसुदेव ने भगवान् बालकृष्ण को गोद में लिया उसी समय

उनकी बेड़ी-हथकड़ी आदि सारे बन्धन टूट गये। श्रुति आगे जीव को सावधान करती है ''इत: अन्यथा न'' तुम जैसे मनुष्य के लिये निष्कामकर्म ही श्रेष्ठ मार्ग है, भगवान् के लिये कर्म करते-करते मन के मल समाप्त होंगे इसके अनन्तर उपासना अर्थात् भगवान् के निकट बैठने का अवसर मिलेगा, और सभी विक्षेप दूर हो जायेंगे, फिर भगवत्तत्व ज्ञान से तुम्हारे सारे आवरण समाप्त हो जायेंगे, और फिर तुम निरावरण श्रीसीतारामचरणकमलों के दर्शनों का सौभाग्य प्राप्त कर लोगे। इससे अतिरिक्त तुम्हारे लिये कोई मार्ग नहीं है। तन से करो काम मन में रटो राम ॥ श्री ॥

संगति– द्वितीय मन्त्र में श्री श्रुति ने वेदविहित कर्म करने वालों को ही सुखपूर्वक सौ वर्ष तक जीने का अधिकार दिया, अब तृतीय मन्त्र में विकर्म करने वाले अथवा अकर्मण्य लोगों के लिये नरक का विधान भी कर रही है ॥ श्री ॥

असुर्या नाम ते लोका अन्धेन तमसावृताः।
ताँ्स्ते प्रेत्याभिगच्छन्ति ये के चात्महनो जनाः ॥३॥

रा०कृ०भा० सामान्यार्थ– ''अन्धेन'' अत्यन्त प्रगाढ़, ''तमसा'' अन्धकार से, ''आवृता:'' ढके हुये, ''ते'' वे श्रुति, पुराण एवं इतिहासों में प्रसिद्ध ''असुर्या: लोका:'' असुरों के आत्मीय लोक हैं। ''ये के च'' ज़ो कुछ लोग ''आत्महन:'' विकर्म द्वारा अथवा अकर्मण्य रह कर या भगवान् से विमुख होकर अपनी आत्मा की हत्या करते हैं, वे ''प्रेत्य'' कर्म प्रारब्ध का क्षय होने पर शरीर को छोड़कर ''तान्'' उन्हीं लोकों को ''अभिगच्छन्ति'' यमदूतों द्वारा पीटे जाते हुये प्राप्त होते हैं ॥ श्री ॥

भावार्थ– हृदय प्रकाश को नष्ट करने वाले, ऐसे घोर अन्धकार से ढके हुये, वेदों स्मृतियों तथा पुराणेतिहासों में प्रसिद्ध ''असुर्य'' अर्थात् असुरों के प्रिय रौरव आदि भयानक लोक प्रसिद्ध हैं। जो लोग वेदविरुद्ध कर्म करते हैं अथवा अकर्मण्य रहकर पृथिवी के भार बने रहते हैं, तथा भगवान् के नाम-रूप-लीला-धाम आदि का चिन्तन नहीं करते वे अपनी आत्मा की हत्या करते हैं। ऐसे ही लोग शरीर को छोड़कर यमदूतों द्वारा अनेक दण्ड प्राप्त करके उन्हीं असुरों के आत्मीय रौरव-कुम्भीपाक-असिपत्रवन-महारौरव आदि नरक लोकों को प्राप्त होते हैं ॥ श्री ॥

विशेष– श्रुति के अनुसार स्वर्गलोक के समान नरकलोक की भी

सत्ता है, मन्त्र के पूवार्ध में उन्हीं के स्वरूप का वर्णन है। नरक लोक स्वर्ग की भाँति प्रकाश युक्त नहीं है, वे तम से ढके रहते हैं, वह भी सामान्य अन्धकार से नहीं। ''अन्धेन'' अन्ध शब्द यहाँ यौगिक है ''अन्धयति इति अन्धम् तेन'' ऐसे तम से जो सामान्य लोगों की आँख अन्धी कर देता है, वह एक ऐसा अज्ञानात्मक अन्धकार होता है जहाँ व्यक्ति अपने एवं परमात्मा के स्वरूप को भूल जाता है, तथा नरक के कष्ट भोगने को बाध्य हो जाता है। वे नरक लोक जैसे-तैसे छिपे हुये लोक नहीं हैं, श्रुति कहती है ''ते'' अर्थात् वे तो वेदों-पुराणों और इतिहासों में प्रसिद्ध हैं, इनकी संख्या अनन्त है। यद्यपि वे देवताओं को प्रिय नहीं हैं, पर असुरों के वे सर्वस्व ही हैं। ''असु'' अर्थात् प्राणों में रमन करने वालों को असुर कहते हैं, अथवा सुरों के विरोधियों को असुर कहा जाता है। व्याकरण में नञ् का विरोध अर्थ भी प्रसिद्ध है। उन असुरों को ये लोक स्व अर्थात् आत्मा के समान प्रिय हैं। ''असुराणां स्वे इति असुर्या'' ये लोक असुरों के आत्मीय भी हैं, अथवा ''असुराणां स्वाः'' ये नरक लोक असुरों की जाति के हैं, और ये असुरों के धन भी हैं, यहाँ असुर शब्द से ''असुरस्य स्वम्'' (पा०अ० ४-४-१३२) सूत्र से 'यत्' प्रत्यय भसंज्ञा अकारका लोप करके असुर्य शब्द की निष्पत्ति की गयी है। ''नाम'' शब्द वाक्यालंकार और प्रसिद्धि अर्थ में प्रयुक्त होता है, अर्थात् ये प्रसिद्ध हैं। स्वयं भागवतकार ने अठाईस नरकों की चर्चा की है, और गरुडपुराण में तो वेदव्यास ने सोलह अध्यायों में नरक यातना का वर्णन किया है। ''आत्महनः'' श्रीमद्भागवत में दो बार आत्महत्या की चर्चा की गयी है, प्रथम १०-१-४ में और द्वितीय ११-२०-९६ में महाराज परीक्षित कहते हैं कि— सांसारिक तृष्णा से रहित महानुभावों द्वारा भगवान् के समीप रह कर गाये जाते हुये, संसाररोग की औषधिरूप श्रवण और मन को आनन्द देनेवाले, भगवान् उत्तमश्लोक के गुणानुवाद से वही विरत अर्थात् दूर होगा जो आत्महत्यारा है। इसी प्रकार ग्यारहवें स्कन्ध में भगवान् श्रीकृष्ण उद्धव जी से कहते हैं कि— यह देवदुर्लभ मानवशरीर साधक के लिये श्रेष्ठ नाव के समान सुलभ है, स्वयं सद्गुरुदेव ही जिसके खेवैया हैं, एवं मेरी कृपा ही अनुकूल वायु, इतनी सुविधा पाकर भी यदि कोई पुरुष संसार सागर को नहीं पार करता तो वह आत्महत्यारा है। यहाँ पाठकों के आनन्द के लिये भागवत के ये दोनों श्लोक उद्धृत किये जाते हैं—

निवृत्ततर्षैरुपगीयमानाद्
भवौषधाच्छ्रोत्रमनोऽभिरामात् ।
क उत्तमश्लोकगुणानुवादात्
पुमान् विरज्येत विना पशुघ्नात् ।।
—(भा० १०-१-४)

नृदेहमाद्यं सुलभं सुदुर्लभं
प्लवं सुकल्पं गुरुकर्णधारम् ।
मयानुकूलेन नभस्वतेरितं
पुमान् भवाब्धिं न तरेत् स आत्महा ।।
—(भा० ११-२०-१६)

गोस्वामी तुलसीदास जी ने भी इन दोनों प्रसंगों का बड़ा मधुर चित्रण किया है—

(१) ते जड़ जीव निजातम घाती। जिन्हहिं न रघुपति कथा सोहाती ।।
—(मानस ७-५३-६)

(२) नर तनु भववारिधि कह बेरो। सन्मुख मरुत अनुग्रह मेरो।
कर्णधार सद्गुरु दृढ़ नावा। दुर्लभ साज सुलभ करि पावा ।।
जे न तरहिं भव सागर, नर समाज अस पाय।
ते कृतनिन्दक मन्दमति, आत्माहन गति जाय ।।
—(मानस ४-४४-७-८)

अर्थात्– यह मनुष्य का शरीर भवसागर (से तारने) के लिये बेड़ा (जहाज) है। मेरी कृपा ही अनुकूल वायु है। सद्गुरु इस मजबूत जहाज के कर्णधार (खेनेवाले) हैं। इस प्रकार दुर्लभ (कठिनता से मिलने वाले) साधन सुलभ होकर (भगवत् कृपा से सहज ही उसे प्राप्त हो गये हैं) जो मनुष्य ऐसे साधन पाकर भी भवसागर से न तरे वह कृतघ्न और मन्दबुद्धि है और आत्महत्या करनेवाले की गति को प्राप्त होता है ।। श्री ।।

ऐसे भयंकर नरकलोकों को वे मर कर प्राप्त करते हैं। इसीलिये कभी विकर्म नहीं करना चाहिये और अकर्मण्य नहीं बनना चाहिये ।। श्री ।।

संगति– वह तत्व कौन है जिसके चरणारविन्द से विमुख होकर जीव आत्महत्यारे की गति प्राप्त करता है, और जिसका भजन न करके

उसे नाना नरक यातनायें सहनी पड़ती हैं ? इस जिज्ञासा का समाधान करते हुये भगवती श्रुति चतुर्थमन्त्र में तुरीयतत्व परब्रह्म परमात्मा के अनेक विरुद्ध धर्मों से युक्त स्वरूप का प्रतिपादन करती हैं —

अनेजदेकं मनसो जवीयो नैनद्देवा आप्नुवन्पूर्वमर्शत् ।
तद्धावतोऽन्यानत्येति तिष्ठत्तस्मिन्नपो मातरिश्वा दधाति ।।४।।

रा०कृ०भा० सामान्यार्थ– ''एकं'' वह ब्रह्म उपमा रहित है, ''अनेजत्'' वह कम्पित नहीं होता, ''मनसः जवीयः'' वह मन से भी अधिक वेगशाली है, ''पूर्वम् अर्षत्'' वह पहले से ही माया गुणों से पार हो चुका है, ''एनत् देवाः न आप्नुवन्'' इस ब्रह्म को देवता भी नहीं प्राप्त कर पाये, ''तिष्ठत् धावतः अन्यान् अत्येति'' वह स्थिर होता हुआ भी दौड़ने वाले अन्य लोगों को पीछे छोड़ देता है, तथा आगे बढ़ जाता है। ''तस्मिन्'' साक्षी रूप में उस ब्रह्म के विराजमान रहते हुये ही, ''मातरिश्वा'' वायु देवता, ''अपः दधाति'' जल अर्थात् जीवों की जीवनी शक्ति का पोषण करते हैं।। श्री ।।

भावार्थ– जिसके चरणारविन्द से विमुख जीव नरक यातनायें भोगता है तथा जिसके भजन के विना जीव को अनिवार्य रूप से असुर्य लोक मिलते हैं, वह वेदवेद्य परब्रह्म एक अर्थात् समस्त उपमाओं से रहित हैं। वह सुख दुःखादि द्वन्द्व धर्मों से विचलित नहीं होता, और अवतार काल में श्रीरामकृष्ण रूप में प्रस्तुत हुआ वह परमात्मा रावण-कंस आदि के घोर संग्राम में भी स्थिर रहता है। वह परमात्मा मन से भी अधिक वेगशाली हैं, वह पहले ही माया गुणों को पार कर चुका है, उसे देवता भी नहीं प्राप्त कर सके, वह अपने स्वरूप में स्थिर रहता हुआ भी महत्वाकांक्षा के लिये दौड़ने वाले अन्य सभी को पीछे छोड़ देता है और उसी परमात्मा के साक्षीरूप में विराजमान रहते हुये ही वायुदेवता जीव की जीवन सामग्रियों का पोषण करते हैं।। श्री ।।

विशेष– ''एकं'' यहाँ एक शब्द अद्वितीय वाचक होकर भी एक और अर्थ की ओर संकेत करता है, संस्कृत में भगवान् वासुदेव को अकार कहते हैं, और 'क' सुख का नाम है, ए अर्थात् भगवान् वासुदेव को भी जिससे सुख प्राप्त होता है, वे भगवान् महाविष्णु श्रीराम ही एक हैं 'ए वासुदेवे कं सुखं यस्मात् तत् एकम्'' भगवान् राम विष्णु को भी सुख देते हैं, इसीलिये श्रीमिथिला में श्रीराम को दूल्हे के वेष में घोड़े पर चढ़े हुये देखकर लक्ष्मी सहित मोहित हो जाते हैं—

हरि हित सहित राम जब जोहे। रमासमेत रमापति मोहे ।।

—(मानस १-३१६-३)

''अनेजत्'' यह शब्द कम्पनार्थक ''एजृ'' धातु से शतृ प्रत्यय करके ''नञ्'' समास द्वारा सिद्ध किया गया है। अर्थात् यह कभी सुख-दुःखादि से विचलित नहीं होता, और अवतार काल में रावणादि के भय से भी युद्ध में भयभीत नहीं होता। उसका वेग मन से भी अधिक है, मन संकल्प करके सीमित समय में लक्ष तक पहुँचता है, पर भगवान् तो अपने भक्त के लिये मन से भी अधिक शीघ्रगामी हो जाते हैं। गजेन्द्रमोक्षप्रकरण में भगवान् के उतावलेपन पर हार मान कर गरुड ने कह दिया कि—

बलकर दून पवन कर चौगुन मनकर चलौं सवाई।
इतनी चाल मेरे यदुनन्दन और चाल कँह पाई।।

तब भगवान् ने गरुड को छोड़ दिया, और अपने मन के अनुकूल इच्छामय गरुड का निर्माण कर लिया। श्रीमद्भागवत में स्वयं भगवान् शुक्राचार्य कहते हैं—

तं तद्वदार्त्तमुपलभ्य जगन्निवासः स्तोत्रं निशम्य दिविजैः सह संस्तुवद्भिः।
छन्दोमयेन गरुडेन समुह्यमानश्चक्रायुधोऽभ्यगमदाशु यतो गजेन्द्रः ।।

—(भागवत ८-३-३१)

अर्थात् विश्व के एकमात्र आधार भगवान् ने देखा कि गजेन्द्र अत्यन्त पीड़ित हो रहा है। अतः उसकी स्तुति सुन कर इच्छामय गरुड पर सवार हो चक्रधारी भगवान् बड़ी शीघ्रता से वहाँ के लिये चल पड़े जहाँ गजेन्द्र अत्यन्त सङ्कट में पड़ा हुआ था, उनके साथ स्तुति करते हुये देवता भी आये।। श्री ।।

''पूर्वम् अर्षत्'' गत्यर्थक रिष् धातु से लङ्लकार के एकवचन में अर्षत् शब्द बनता है, छान्दस् होने से अजादि होनेपर भी अट् का आगम हुआ। अथवा आट् का आगम होने पर भी बाहुलकात् अकार के अभाव में भी पूर्वरूप हो गया। यहाँ इस वाक्यखण्ड के तीन अर्थ किये जा सकते हैं। (१) ''पूर्वम् अर्षत्'' जो पूर्व ही मायागुणों को पार करके संसारसागर से पार हो चुका है, भगवान् माया गुणों से बंधते नहीं। इसीलिये उन्हें ''माया गुन गोपार'' कहा गया है। (२) ''पूर्वम् अर्षत्'' यहाँ वर्तमानकाल के अर्थ में भूतकाल का प्रयोग है, भगवान् अपने भक्त की प्रार्थना की समाप्ति के पूर्व ही उसके पास चले जाते हैं। जैसे महाभारत में द्रौपदी की टेरसमाप्ति के

पहले ही भगवान् उनके पास आ गये, सन्तों का तो यहाँ तक मानना है कि द्रौपदी ने भगवान् को गोविन्द कह कर बुलाया। पर गो कहते-कहते भगवान् चल पड़े, और विन्द शब्द समाप्त भी न हुआ था कि उसके बीच ही भगवान् आ गये। (महाभारत- २-६-४४ में) स्वयं भगवान् वेदव्यास कहते हैं कि— याज्ञसेनी द्रौपदी का क्रन्दन सुन कर भगवान् श्रीकृष्ण करुणा से गह्वरित हो गये, और रुक्मिणी के पलंग को छोड़ कर परम कृपालु भगवान् पैदल चल कर द्रौपदी के पास दौड़े आये, ''पद्भ्यामभ्यगात्'' वस्त्रावतार लेकर द्रौपदी की साड़ी बढ़ाई। एक कवि महानुभाव ने क्या ही मधुर कहा है—

सुन्दर सफेद सब्ज बैजनी हरीरी पीरी
ढेरी बहुतेरी नहीं गिनने में आयो हैं।
लाली औ गुलाली गुलनारी पट फालसाही
कायी औ वदामी बहुतेरी दर्शायो हैं।
खाकी धानी प्याजी जाफरानी आसमानी बहु
अम्बर अपार आसमान लगि छायो हैं।
द्रौपदी के काज व्रजराज हैं बजाज मानो
लाद के जहाज पट द्वारका ते धायो हैं।।

वे भगवान् इतने दुराराध्य हैं कि इन्द्रादि देवता भी उन्हें न पा सके, वे स्थिर रहते हैं, परन्तु अपनी महत्त्वाकांक्षाओं के लिये दौड़ते हुये और लोगों को पीछे छोड़ देते हैं। तात्पर्य यह है कि– और देवता नाना प्रकार के प्रयास करके भी जिस गरिमा को नहीं प्राप्त कर पाते भगवान् को वह विना प्रयास के ही मिल जाती हैं। जैसे इन्द्र ने अत्यन्त प्रयास करके सौ अश्वमेध यज्ञ करने के पश्चात् 'शतक्रतु' या शक्र की पदवी पायी, इस विरुदावली को बनाये रखने के लिये वह सतत इतना जागरूक रहता है कि आज तक उसने किसी के सौ अश्वमेध यज्ञ नहीं पूरे होने दिये।। श्री।।

रघुवंश महाकाव्य में रघु से इन्द्र ने बहुत स्पष्ट शब्दों में कहा कि— हे कुमार! जैसे भगवान् नारायण एक मात्र पुरुषोत्तम कहे जाते हैं। जैसे भगवान् शंकर के अतिरिक्त और कोई महेश्वर नहीं बन सका, उसी प्रकार मुनिगण मुझ को ही शतक्रतु कहते हैं। हमारा यह शब्द किसी दूसरे में जा ही नहीं सकता। यहाँ इन्द्र अपनी विरुदावली को बचाने के लिये कितना यत्नशील हैं पर भगवान् राम बिना प्रयास ही करोड़ों अश्वमेध यज्ञ करते हैं, और इन्द्र उन्हें नहीं रोक पाता ''अश्वमेधशतैरिष्ट्वा'' (वा०रा० १-१-९४)।। श्री।।

गोस्वामी जी कहते हैं कि भगवान् राम ने करोड़ों अश्वमेध यज्ञ किये—

कोटिन्ह बाजिमेध प्रभु कीन्हे। दान अनेक द्विजन्ह कहँ दीन्हें।।

—*(मानस ७-२४-१)*

अर्थात्– प्रभु श्रीराम जी ने करोड़ों अश्वमेध यज्ञ किये और ब्रह्मणों को अनेक दान दिये। ऐसे परमात्मा की उपस्थिति में ही उन्हीं से चेतना प्राप्त करके वायु देवता "अप:" अर्थात् जल से लेकर अमृत पर्यन्त जीव की सभी जीवन सामग्रियों का निर्माण करते हैं। यहाँ "अप:" शब्द सभी जीवन सामग्रियों का बोधक हैं।। श्री।।

संगति– चतुर्थ मन्त्र में भगवान् की जिस विरुद्धधर्माश्रयता का वर्णन किया गया, पञ्चम मन्त्र में उसी को श्रुति अभ्यास मुद्रा में कह रही है। क्योंकि भगवान् के गुणगण कहने में मंत्रों को कभी आलस्य नहीं आता।। श्री।।

तदेजति तन्नेजति तद्दूरे तद्वन्तिके।
तदन्तरस्थ सर्वस्य तदु सर्वस्यास्य बाह्यतः।।५।।

रा०कृ०भा० सामान्यार्थ– "तत्" वह परमात्मा "एजति" चलते हैं "तत्" वह परमात्मा, "न एजति" नहीं चलते, "तत्" वही "दूरे" अपने विमुखों से बहुत दूर रहते हैं। "तत् उ अन्तिके" वे भगवान् निश्चय ही अपने प्रेमी भक्तों के निकट रहते हैं। "तत्" वे ही भगवान् "अस्य सर्वस्य" इस सम्पूर्ण जीव के "अन्त:" अन्तर में विराजते हैं। "तत्" वे ही भगवान "उ" निश्चित रूप से, "अस्य सर्वस्य" इस संपूर्ण जीव के "बाह्यत:" बाहर भी रहते हैं।। श्री।।

भावार्थ– परब्रह्म परमात्मा चलते भी हैं नहीं भी चलते। परमेश्वर सबसे दूर भी हैं और निकट भी, और वही सर्वसर्वेश्वर अन्तर्यामी रूप से संपूर्ण जीवों के अन्तर में, तथा कालरूप में सभी जीवों के बाहर भी विराजते हैं।। श्री।।

विशेष– इस मंत्र में भगवान् के एजन्-अनेजन्, दूरस्थिति-निकटस्थिति, अन्त:स्थिति और बाह्यस्थिति इन छ: परस्पर विरुद्ध धर्मो का वर्णन किया गया, जो केवल परमात्मा में ही संगत हो सकते हैं। सामान्य जीवात्मा में नहीं। विष्णुपुराण में भगवान् के छ: ऐश्वर्य कहे गये हैं, ऐश्वर्य-धर्म-यश-श्री-ज्ञान-तथा वैराग्य—

ऐश्वर्यस्य समग्रस्य धर्मस्य यशसः श्रियः।
ज्ञानवैराग्ययोश्चैव षण्णां भग इतीरणा।।

इन्हीं छहों ऐश्वर्य के बल पर श्रुति में कहे हुये छहों विरुद्धधर्म भगवान् में एक साथ रहते हैं। ''एजति'' भगवान् भक्त का दुःख सुन कर काँप जाते हैं, और उसका समाधान करने के लिये अपने ऐश्वर्य से क्षण भर में भक्त के पास चले जाते हैं। गजेन्द्र-मोक्ष, द्रौपदी चीर-हरण आदि इसके उदाहरण हैं। ''न एजति'' भगवन् अपने धर्म के ही बल पर किसी भी परिस्थिति में चलायमान नहीं होते, क्योंकि अच्युतत्व ही उनका धर्म है। अतः अपने विमुखों के दुःखों से उनको क्या लेना। अपने यश से ही भगवान् सुदूर सभी भुवनों में व्यापक हैं। और श्री के कारण ही भक्त की शरणागति के लक्ष्य बनकर भगवान् भक्त के निकट विराजते हैं। ज्ञानबल से अज्ञान का निरसन करके भगवान् सबके हृदय में विराजते हैं, जैसा कि गीताजी में श्रीमुख का वचन भी है—

तेषामेवानुकम्पार्थमहमज्ञानजं तमः।
नाशयाम्यात्मभावस्थो ज्ञानदीपेन भास्वता॥

—(गीता- १०-११)

हे अर्जुन! उन भक्तों पर कृपा करने के लिये ही मैं उनके अन्तःकरण में स्थिर होकर अपने प्रकाशमान ज्ञानदीपक द्वारा सेवकों के अज्ञानजनित अन्धकार को नष्ट कर देता हूँ॥ श्री॥

भगवान् वैराग्य से ही सबके बाहर रहते हुये भी संसार के दुःख-सुख से लिप्त नहीं होते। यहाँ यह ध्यान रखना चाहिये कि अन्तर्यामी रूप से सबके अन्तःकरण में निवास करके भगवान् अमृत प्रदान करते हैं और बाहर रह कर अपने भजन से बहिर्मुखों को काल बन कर मृत्यु देते हैं। जैसा कि भागवत में महाराज परीक्षित कह रहे हैं—

वीर्याणि तस्याखिलदेहभाजामन्तर्बहिः पूरुषकालरूपैः।
प्रयच्छतो मृत्युभृतामृतं च माया मनुष्यस्य वदस्व विद्वन्॥

—(भागवत १०-१-७)

अर्थात्– वे समस्त शरीरधारियों के भीतर आत्मारूप से रह कर अमृतत्व का दान कर रहे हैं और बाहर कालरूप से रह कर मृत्यु का। मनुष्य के रूप में प्रतीत होना,यह तो उनकी एक लीला है। आप उन्हीं की ऐश्वर्य और माधुर्य से परिपूर्ण लीलाओं का वर्णन कीजिये। ऐसे समस्तविरुद्धधर्माश्रय परमेश्वर के भजन से ही जीव का कल्याण है, यही श्रुति का तात्पर्य है॥ श्री॥

संगति– पूर्व के दो मन्त्रों में श्रुति ने भगवान् की सकलविरुद्ध-धर्माश्रयता और षडैश्वर्यसम्पन्नता का वर्णन किया। और अब श्रुति दो मन्त्रों में परमात्मा दर्शन की महिमा का वर्णन कर रही है॥ श्री॥

यस्तु सर्वाणि भूतान्यात्मन्येवानुपश्यति।
सर्वभूतेषु चात्मानं ततो न विजुगुप्सते॥६॥

रा०कृ०भा० सामान्यार्थ– इस प्रकार सर्वव्यापी परमात्मा जगत् के कण-कण में वर्तमान हैं। ''तु'' निश्चयपूर्वक यह जो साधक, ''सर्वाणि भूतानि'' सभी प्राणियों को, ''आत्मनि एव'' परमात्मा में ही अथवा परमात्मा के समीप, ''अनुपश्यति'' सदैव देखता या चिन्तन करता है, ''च'' और, ''सर्वभूतेषु'' सभी प्राणियों में, ''आत्मानम्'' अन्तर्यामी रूप से विराजमान परमात्मा को ही, ''अनुपश्यति'' अनुक्षण चिन्तन करता है, ''ततः'' इस प्रकार ब्रह्मविज्ञानसंपन्न जीव, ''न विजुगुप्सते'' कोई भी घृणित कार्य नहीं करता॥ श्री॥

भावार्थ– जो साधक परमात्मा में ही समस्त भूतप्राणियों को देखता है, और सभी प्राणियों के हृदय में अन्तर्यामी रूप से विराजमान परमेश्वर के दर्शन करता है। वह कभी-भी लोकशास्त्र से विरुद्ध कार्य नहीं करता, क्योंकि परमात्मा के दर्शन से उस साधक का मन इतना निर्मल हो जाता है कि उसे घृणित कार्य करने का अवकाश ही नहीं मिलता। जैसे रावण के द्वारा भेजे हुये शुकसारण कपटवानर का वेश धारण करके रामदल में आये, परन्तु जब उन्हें परमात्मा श्रीराम के दर्शन हुये तब उनका मन इतना निर्मल हो गया, कि वे कोई भी गलत कार्य नहीं कर सके। जैसा कि श्रीरामचरितमानस में गोस्वामी जी महाराज कहते हैं—

प्रगट बखानहिं राम सुभाउ। अति सप्रेम गा बिसरि दुराउ॥

—*(मानस ५-५२-१)*

विशेष– यहाँ आत्मशब्द परमात्मा के अर्थ में प्रयुक्त हुआ है, क्योंकि कोष के अनुसार आत्मा शब्द जीवात्मा और परमात्मा दोनों का वाचक हैं—

''आत्मा शरीरे जीवे च जीविते परमात्मनि''

जो जन्म लेते हैं और ईश्वर की सत्ता से अस्तित्ववान् रहते हैं, उन्हें ही यहाँ भूत कहा गया है। ''भवन्ति इति भूतानि'' ''भान्ति इति भूतानि'' यहाँ भू धातु से कर्ता में ''क्त'' प्रत्यय है और भा धातु से भी, परन्तु ''पृषोदरादित्वात्'' भा धातु के आकार को उकार हो गया है। ''अनुपश्यति'' का अर्थ है अनुक्षण

चिन्तन करना। इस प्रकार "भूतानि" में प्रथमा, तथा "आत्मनि" में सप्तमी, पुनः "भूतेषु" में सप्तमी, और "आत्मानं" में द्वितीया कह कर श्रुति ने स्पष्ट रूप से जीव और ब्रह्म का स्वरूपतः भेद सिद्ध कर दिया। अर्थात् श्रुति की मान्यता में जीवात्मा की परमात्मा से नित्य पृथक् सत्ता है। वह सामीप्यसम्बन्ध से परमात्मा से जुड़ा हुआ है, और परमात्मा संयोगसम्बन्ध से जीवात्मा से उपश्लिष्ट हैं। यही बात भागवतजी के ग्यारहवें स्कन्ध में महाराज निमि से नवयोगेश्वरों में द्वितीय श्रीहरि कहते हैं कि— हे महाराज निमि जो सम्पूर्णभूतों में भगवान् को तथा भगवान् में सम्पूर्णभूतों को देखता है वह उत्तम भागवत हैं। यही बात मानस में गोस्वामी जी भी कह रहे हैं—

सीय राम मय सब जग जानी । करउँ प्रणाम जोरि जुग पानी ।।

—*(मानस १-८-२)*

संगति– अब श्रुति परमात्मा दर्शन का साक्षात् फल कह रही है—

यस्मिन् सर्वाणि भूतान्यात्मैवाभूद्विजानतः ।
तत्र को मोहः कः शोक एकत्वमनुपश्यतः ।।७।।

रा०कृ०भा० सामान्यार्थ– "यस्मिन्" परमात्मा के दर्शन की जिस अवस्था विशेष में, "सर्वाणि भूतानि" सभी प्राणियों को, "विजानतः" विशेषरूप से देखते हुये साधक के समक्ष, "आत्मा एव अभूत्" जीवात्मा के नित्य सखा परमात्मा ही प्रकट हो जाते हैं, "तत्र" उस अवस्था विशेष में, "एकत्वम् अनुपश्यतः" जीवात्मा और परमात्मा के सेवकसेव्यभावसम्बन्ध का चिन्तन करते हुये साधक के समक्ष, "कः मोहः कः शोकः" कौन-सा मोह कौन-सा शोक ? ।। श्री ।।

भावार्थ– साधक जिस विशेष अवस्था में सम्पूर्ण प्राणियों का दर्शन करता हुआ विचारशील बन जाता है, और उसकी दृष्टि में केवल परमात्मा ही प्रकट हो जाते हैं तथा वह जीवात्मा के साथ परमात्मा का सेवकसेव्यभाव सम्बन्ध दृढ़ कर लेता है, उस समय कौन-सा मोह कौन-सा शोक ? अर्थात् वह शोक के कारण भूत मोह, तथा मोह के कार्य भूत शोक से मुक्त हो जाता है ।। श्री ।।

व्याख्या– साधक के जीवन में एक ऐसी अवस्था आती है, जिसमें वह सभी प्राणियों को इस विचार से देखता है कि ये परमात्मा के निवास स्थान हैं। अर्थात् इनके हृदय में भगवान् अन्तर्यामी रूप से निवास करते हैं।

ये सभी प्राणी शरीर हैं, और भगवान् शरीरी। यह दर्शन विशिष्टाद्वैत के विना संभव नहीं है क्योंकि विशिष्टाद्वैतवाद में ही भगवान् श्रीमदाद्यरामानन्दाचार्य जी ने परमात्मा को विशेष्य तथा जीव और प्रकृति को परमात्मा के विशेषण माने हैं और उनका परमात्मा के साथ शरीरशरीरिभावसंबन्ध भी निश्चित किया है। इस प्रकार जब सभी प्राणियों के दर्शन से साधक के सामने परमात्मा प्रकट हो जाते हैं, और अनात्मतत्व बाधित हो जाते हैं, तभी मोहादि विकारों का नाश होता है। जैसे सूर्योदय के समय तारे रहते हुये भी नहीं दिखते, क्योंकि वे सूर्य के प्रकाश में छिप जाते हैं, उसी प्रकार भगवान् के साक्षात्कार के समय उनके विशेषण चित् अचित् (जीव और प्रकृति) तथा उनके सभी व्यवहार छिप जाते हैं। ''अभूत्'' शब्द बाहुलकात् लट् के अर्थ में है। अथवा जब साधक को परमात्मा का साक्षात्कार हो गया तब मोह और शोक रहेंगे ही कहाँ, जैसे श्रीनामदेव जी ने कुत्ते में ही विट्ठलनाथ जी के दर्शन किये। भगवती श्रुति ने ''विजानत:'' शब्द का प्रयोग करके 'वि' उपसर्ग से स्पष्ट संकेत किया है कि— जब साधक विशिष्टाद्वैतवाद की पद्धति से प्राणियों को देखता है, तभी उसके सामने जीवात्मा के नित्यसखा परमात्मा, जीवात्मा के शरीर से ही प्रकट हो जाते हैं। नहीं तो नामदेव जी को कुत्ते के शरीर में विट्ठलनाथ जी के दर्शन कैसे होते ? तथा प्रह्लाद जी को खम्भे में नृसिंह भगवान् का साक्षात्कार कैसे होता ? जो वस्तु रहती है वही प्रकट होती है। जैसे तिल में तेल है अत एव यन्त्र से वह निकाला जाता है, दूध में घी है इसी से वह मथने पर निकल आता है। उसी प्रकार जीवात्मा के हृदय में परमात्मा हैं जो भक्तों के समक्ष प्रकट होते हैं। यहाँ यह ध्यान रहे कि जीवात्मा और परमात्मा में स्वरूप से अभेद कभी-भी श्रुतिसम्मत नहीं है। नहीं तो ''विजानत:'' इस षष्ठ्यन्त के साथ आत्मा इस प्रथमान्त का व्यवहार संगत ही नहीं होगा। यहाँ ''सर्वाणि भूतानि'' यह द्वितीयान्त पद है, और ''विजानत:'' शब्द के साथ अग्रे का अध्याहार कर लेना चाहिये, अर्थात् जब साधक सम्पूर्ण भूत प्राणियों को ''विजानत:'' याने विशिष्टाद्वैत के पद्धति से देखने लगता है, तब उसके सामने परमात्मा प्रकट हो जाते हैं। यहाँ ''एव'' का अर्थ है कि परमात्मा से अन्य चित् और अचित् पदार्थ छिप जाते हैं। यदि जीवात्मा और परमात्मा में भेद न होता तो विट्ठलनाथ जी के दर्शन के समय कुत्ते को मर जाना चाहिये था, क्योंकि अद्वैतवाद के मत में जीवात्मा ही परमात्मा है। इसी प्रकार नृसिंह भगवान् के प्रकट होते ही खम्भे को समाप्त हो जाना

चाहिये था। बहुत क्या कहूँ ? जीवात्मा और परमात्मा की एकता मान लेने पर हजारों श्रुतियों में असंगति आ जायेगी। यहाँ दो-एक उदाहण दिये जा रहे हैं। कठोपनिषद् में श्रुति बहुत स्पष्ट कह रही है—

नित्यो नित्यानां चेतनश्चेतनानां एको बहूनां यो विदधाति कामान्।
तमात्मस्थं ये च पश्यन्ति धीरास्तेषां सुखं शाश्वतं नेतरेषाम्।।

—(क०उ०- २-२-१३)

यमराज नचिकेता से कहते हैं कि— परमात्मा नित्य जीवों के नित्य संबन्धी हैं, परमेश्वर चेतन जीवों के चेतन नियन्ता हैं, परमात्मा बहुत से जीवों के एकमात्र स्वामी बनकर उनकी सभी कामनायें पूर्ण करते हैं। ऐसे अपने नित्य सम्बन्धी, नित्य सखा, तथा नित्य स्वामी उन परमात्मा को जो धीर पुरुष अपने ही मनमन्दिर में विराजमान निहारते हैं, उन्हीं को शाश्वत सुख मिलता है ''इतरेषां न'' अन्यों को नहीं। अर्थात् जो जीवात्मा को ही परमात्मा मान बैठे हैं उन्हें शाश्वत सुख नहीं मिलता। इस श्रुति में स्पष्ट रूप से जीवात्मा के लिये षष्ठ्यन्त बहुवचन और परमात्मा के लिये प्रथमा एकवचन का प्रयोग हुआ है। यहाँ तीन बार षष्ठ्यन्त प्रयोग का स्पष्ट तात्पर्य यही है कि परमात्मा तीनों काल में जीव के नित्य सम्बन्धी हैं। अथवा जाग्रत्-स्वप्न-सुषुप्ति इन तीनों अवस्थाओं में जीव के एकमात्र नित्यचेतन स्वामी हैं। यदि जीवात्मा और परमात्मा में अभेद होता ही तो मुण्डकोपनिषद् में श्रुति ''द्वा सुपर्णा सयुजा सखाया'' कह कर बहुत ही स्पष्ट शब्दों में छह बार द्विवचन का प्रयोग करके पुनः दो बार 'अन्य' शब्द का प्रयोग करके एक ही मन्त्र में जीवात्मा और परमात्मा के परस्पर भेद का आठ निर्देशों से संकेत क्यों करती ? यथा—

द्वा सुपर्णा सयुजा सखाया समानं वृक्षं परिषस्वजाते।
तयोरन्यः पिप्पलं स्वाद्वत्यनश्नन्नन्यो अभिचाकशीति।।

—(मु० ३-१-१)

अर्थात्– अनादि काल से समान रूप से एक पीपल के वृक्ष को सुन्दर, साथ रहने वाले, एक दूसरे के परम मित्र, दो पक्षी चिपककर बैठे हैं, उनमें से एक पक्षी (जीवात्मा) पीपल के फल का स्वाद लेता है और दूसरा पक्षी (परमात्मा) कुछ भी न खाता हुआ सदैव प्रसन्न रहता है। यहाँ छह बार द्विवचन और दो बार अन्य शब्द का प्रयोग करके श्रुति भगवती

बहुत स्पष्ट कह रही है कि छह विकारों से भरा हुआ जीव षडैश्वर्य सम्पन्न परमात्मा से सर्वथा अलग है। इतना श्रुति के द्वारा स्पष्टीकरण किये जाने पर भी जो लोग दुराग्रहवशात् जीवात्मा और परमात्मा का अभेद सिद्ध करने की असफल चेष्टा करते हैं, ऐसे पण्डितमानियों से वार्तालाप भी नहीं करना चाहिये। ''एकत्वं'' यहाँ एकत्व का सम्बन्ध अर्थ है अद्वैत नहीं, क्योंकि अद्वैत मान लेने पर जीव भगवान् की भक्ति से दूर हो जायेगा। अद्वैतवादी भी भगवान् की भक्ति के लिये द्वैत की कल्पना करते हैं। पञ्चदशीकार श्रीविद्यारण्यस्वामी बहुत स्पष्ट कह रहे हैं कि— ब्रह्म ज्ञान के पहले द्वैतकल्पना मोह को उत्पन्न करती है, परन्तु ब्रह्मबोध हो जाने के पश्चात् यदि भगवान् के भजन के लिये द्वैत की भावना की जाय तो वह अद्वैत से भी सुन्दर है। यथा—

द्वैतं मोहाय बोधात् प्राक् बोधे जाते मनीषया।
भक्त्यर्थं भावितं द्वैतमद्वैतादपि सुन्दरम्॥

पर पञ्चदशीकार यह नहीं बताते कि द्वैत का बाध हो जाने पर फिर वह कैसे लाया जा सकता है। इस शंका के समाधान के लिये 'अद्वैत सिद्धि' के रचयिता श्री मधुसूदन सरस्वती पाद ने कुछ अश्रुप्रमार्जन किया है। वे 'भक्तिरसायनम्' में कहते हैं कि— भक्ति के लिये बाधितद्वैत को भी 'आहार्य' ज्ञान के आधार पर लाना अनिवार्य होगा। इस प्रकार आरोप की असत्यता का समाधान करते हुये श्रद्धेय करपात्र स्वामी जी का पक्ष है कि— भगवान् की सत्यता की महिमा से द्वैत का आरोप असत्य होता हुआ भी सत्य हो जायेगा। इस पर यह कहा जा सकता है कि— यदि भगवान् की सत्यता के बल से असत्य द्वैत भी सत्य हो गया और यह पक्ष स्वामी जी को भी अभीष्ट हैं, तब तो हमारा ही पक्ष आयेगा और यह निश्चित हो गया कि भगवान् की भक्ति के लिये द्वैत अर्थात् जीवात्मा और परमात्मा का भेद चाहिये ही चाहिये। वो भी सत्यरूप में चाहिये न कि असत्य रूप में। यहाँ दूसरी आपत्ति यह है कि— द्वैत की बाह्यदशा में आहार्य ज्ञान होगा ही कैसे? क्या मरे हुये देवदत्त को फिर जिलाया जा सकता है? जैसे सूर्योदय में नष्ट हुये अन्धकार को फिर नहीं लाया जा सकता, उसी प्रकार बाधित द्वैत को आरोपित नहीं किया जा सकता। क्या ज्येठ-अषाढ़ के मध्याह्न में तपती भगवान् सूर्य की किरणों में कोई भादौ की अंधेरी रात का आरोप कर सकता है? यदि करे भी तो उसे मनुष्य नहीं उल्लू माना जायेगा, अस्तु॥ श्री॥

यदि कहें कि 'एकत्व' सम्बन्ध का पर्याय है, इस तथ्य में क्या प्रमाण होगा ? इस पर हमारा यही निवेदन है कि— 'एकत्व' और सम्बन्ध की समानार्थकता में श्रीमद्भागवतकार भगवान् वेदव्यास तथा भागवत की सर्वप्रसिद्ध टीका ''भावार्थदीपिका'' के रचयिता श्रीधरस्वामी के वचन ही परमप्रमाण हैं। पहले देखिये वेदव्यास के वचन, भागवत जी के सप्तम स्कन्ध के प्रथम अध्याय में भगवान् वेदव्यास ने यह व्यवस्था दी है कि— काम-क्रोध-भय-स्नेह-मित्रता और सम्बन्ध इनमें से कोई एक भी यदि परमात्मा के प्रति किया जाय तो वह निश्चय ही जीव को परमात्मा के चरणों में तन्मय बना देता है। उन्होंने उदाहरण भी प्रस्तुत किये— गोपियों ने काम से, कंस ने भय से, शिशुपाल ने द्वेष अथवा क्रोध से, वृष्णिवंशियों ने सम्बन्ध से, तुम लोगों ने स्नेह से और हम लोगों ने भक्ति से भगवान् की तन्मयता प्राप्त की—

गोप्यः कामाद् भयात् कंसो द्वेषाच्चैद्यादयो नृपाः ।
सम्बन्धाद् वृष्णयः स्नेहाद् यूयं भक्त्या वयं विभो ।।

—(भागवत् ६-१-३०)

इसी प्रकार के प्रश्न का उत्तर देते हुये महाराज परीक्षित से शुक्राचार्य जी अभ्यासकी मुद्रा में कहते हैं—

कामं क्रोधं भयं स्नेहमैक्यं सौहृदमेव च ।
नित्यं हरौ विदधतो यान्ति तन्मयतां हि ते ।।

—(भागवत् १०-२९-१५)

अर्थात् जो लोग काम-क्रोध-भय-स्नेह-ऐक्य और मित्रता इनमें से किसी एक को भगवान् में निरन्तर धारण करते हैं, वे भगवान् में तन्मय बन जाते हैं। वेदव्यास जी ने ७-१-३० में कहे हुये सिद्धान्त को ही परीक्षित जी के प्रश्न का उत्तर देते हुये १०-२९-१५ में अभ्यास करते हुये दुहराया। इसके पहले ''उक्तं पुरस्तात्'' कहकर दोनों प्रसङ्गों की एकरूपता भी सिद्ध की। दोनों श्लोकों के शब्दों को मिलाइये ७-१-३० ''गोप्यः कामाद्'' १०-२९-१५ ''कामं'', ७-१-३०''भयात् कंसः'', १०-२९-१५ ''भयं'' ७-१-३०''द्वेषाच्चैद्यादयो नृपाः'', १०-२९-१५ ''क्रोधं'' ७-१-३० ''सम्बन्धाद् वृष्णयः'' १०-२९-१५ ''ऐक्यं'', ७-१-३०''स्नेहाद्यूयं'', १०-२९-१५ में द्वितीयान्त विभक्ति भेद का ही अन्तर है। ७-१-३० में प्रयुक्त ''सम्बन्धाद्'' शब्द को ही महर्षि ने १०-२९-१५ में ऐक्यं कह कर अभ्यास किया। ''ऐक्यं

सम्बन्धः'' भागवत् १०-२९-१५ भावार्थ दीपिका श्रीधर स्वामी। महर्षि वाल्मीकि भी ''ऐक्य'' शब्द का सम्बन्ध ही अर्थ मानते हैं—

''राम सुग्रीवयोरेवं देव्यैक्यं समपद्यत''

हनुमान जी कहते हैं कि— हे देवि! इस प्रकार भगवान् राम और सुग्रीव का 'ऐक्य' अर्थात् सम्बन्ध स्थापित हो गया। इस प्रकार सिद्ध हुआ कि यहाँ ''एकत्व'' सम्बन्ध के अर्थ में प्रयुक्त है न कि अद्वैत के अर्थ में। ऐसे सेवकसेव्यभाव का चिन्तन करता हुआ साधक मोहशोकात्मक संसारसागर से पार हो जाता है। स्वयं गोस्वामी जी भी मानस के उत्तर काण्ड में भुशुण्डी जी से कहलवाते हैं—

सेवक सेव्य भाव विनु भव न तरिय उरगारि।
भजिय राम पद पंकज अस सिद्धान्त विचारि॥

—*(मानस ७-११९ (क))*

इस प्रकार इस मन्त्र में श्रुति ने यह तथ्य स्पष्ट किया कि— जब तक जीव का परमात्मा के साथ सेवकसेव्यभावसम्बन्ध नहीं निश्चित रहता, तभी तक वह मोहमहासागर में गोते लगाता हुआ शोकातुर होता रहता है। जब वह प्रभु से अपना कोई सम्बन्ध जोड़ लेता है, तब परमानन्द को प्राप्त कर कृतकृत्य हो जाता है॥ श्री॥

संगति– इस प्रकार ब्रह्म और जीव के एकत्वपर्यायवाची सम्बन्ध का चिन्तन करने से साधक को क्या लाभ होगा? इस प्रकार की जिज्ञासा का समाधान करती हुयी श्रुति आगे कहती है—

स पर्यगाच्छुक्रमकायम-
व्रणमस्नाविर ँ शुद्धमपापविद्धम्।
कविर्मनीषी परिभूः स्वयम्भूर्याथातथ्यतोऽ-
र्थान्व्यदधाच्छाश्वतीभ्यः समाभ्यः॥८॥

रा०कृ०भा० सामान्यार्थ– ''कविः'' जो परमात्मा क्रान्तदर्शी और ब्रह्मा के भी नियामक हैं, ''मनीषी'' मन के नियन्ता और प्रशस्त बुद्धि से युक्त, ''परिभूः'' भक्त के दोष को नष्ट करने वाले तथा सर्वश्रेष्ठ 'स्वयंभूः' सांसारिक क्रिया की अपेक्षा किये विना भक्तों के समक्ष स्वयं प्रकट होने वाले ऐसे परमात्मा, ''शाश्वतीभ्यः'' भगवान् से सम्बन्ध रखने वाली, ''समाभ्यः''

भगवद्भक्ति से युक्त प्रजाओं के लिये, ''याथातथ्यतः'' पूर्णरूप से, ''अर्थान् व्यदधात्'' कामनाओं को सम्पन्न किया, अर्थात् भक्तों द्वारा अभिलषित सभी कामनायें पूर्ण की। ऐसे ''अकार्य'' अव्यक्त एवं चिन्मय शरीर वाले, ''शुक्रं'' सभी दोषों से मुक्त होने के कारण तेजोमय श्वेत दिखने वाले, ''अव्रणं'' जिसके शरीर में कोई भी घाव नहीं, और जिन्हें रावण आदि के शस्त्र भी घायल नहीं कर पाये, ''अस्नाविरं'' जो सामान्य शिराओं से रहित हैं, ''शुद्धं'' जो सर्वदा पवित्र हैं, ''अपापविद्धं'' जिन्हें पाप विद्ध नहीं कर पाया, ऐसे दशलक्षण सम्पन्न परमात्मा को ''सपर्यगात्'' सेवकसेव्यभावसम्बन्ध का चिन्तन करनेवाला साधक प्राप्त कर लेता है ॥ श्री ॥

भावार्थ– जो परमात्मा क्रान्तदर्शी तथा ब्रह्म के भी नियामक हैं तथा जो मन की नियन्ता और निर्मल बुद्धि से सम्पन्न हैं, जो भक्तों के क्लेश हरण करने वाले और संसार की जन्म क्रिया के विना ही भावुक भक्तों के समक्ष प्रकट हो जाते हैं तथा जिन्होंने अपने से सम्बन्ध रखनेवाली भक्तियुक्त प्रजाओं के लिये उन्हीं की भावनाओं के अनुसार यथार्थ रूप से पदार्थों का निर्माण किया, उन्हीं परमपवित्र प्राकृतशरीर से रहित पाप के घावों से अछूते तथा रावण आदि के शस्त्रों से भी न घायल होने वाले, सामान्य रक्त की धमनियों से रहित परं विशुद्ध निष्पाप दशगुण परमात्मा को सेवकसेव्यभाव सम्बन्ध से भजन करने वाला साधक प्राप्त कर लेता है ॥ श्री ॥

व्याख्या– अब श्रुति सेवकसेव्यभाव सम्बन्ध से भगवद्भजन करने वाले साधक का फल कहती है। श्रुति का विश्वास है कि ''एकत्व'' अर्थात् किसी सम्बन्ध से भगवान् का भजन करनेवाला साधक भगवान् को प्राप्त ही कर लेता है। कैसे हैं वे भगवान्? इस पर श्रुति ने भगवान् के दश लक्षण कहे, जिनमें चार प्रथमान्त से, छह द्वितीयान्त से। भगवान् कवि हैं, उन्हें तीनों काल का ज्ञान है, अथवा 'क' याने ब्रह्म का भी नियमन करते हैं। भगवान् मनीषी भी हैं, उनके पास प्रशस्त निर्मल बुद्धि है। वे सबसे ऊपर और स्वयं प्रकट होने वाले हैं। उनको कभी माया मलिन नहीं कर पाती, उनका शरीर हमारे जैसा प्राकृत नहीं है। वे 'चिन्मय' हैं—

चिदानन्दमय देह तुम्हारी । विगत विकार जान अधिकारी ॥

—(मानस २-१२७-५)

उनके शरीर में कोई घाव नहीं है, और नहीं उनमें सामान्य शिरायें हैं। वे शुद्ध तथा निरन्तंर निष्पाप हैं। ऐसे परमात्मा को वह साधक प्राप्त कर

लेता है जो भगवान् को स्वामी और अपने को सेवक मानता है। यहाँ "पर्यगात्" शब्द में लट् के अर्थ में लुङ्लकार का प्रयोग है, अर्थात् 'परिगच्छति' के अर्थ में "पर्यगात्" शब्द पढ़ा गया है। शान्त-वात्सल्य-दास्य-सख्य और मधुर इनमें से किसी भी सम्बन्ध से भजन करके भक्त भगवान् को प्राप्त कर लेता है यही श्रुति का अर्थ है॥ श्री॥

संगति– जो परमात्मा का भजन छोड़ कर विद्या और अविद्या की उपासना करते हैं; उनकी क्या गति होती है ? विद्या और अविद्या में क्या अन्तर है ? इन दोनों का समुच्चय हो सकता है या नहीं ? इन तीन प्रश्नों का समाधान करने के लिये तीन श्रुतियाँ प्रस्तुत हो रही हैं॥ श्री॥

अन्धं तमः प्रविशन्ति येऽविद्यामुपासते।
ततो भूय इव ते तमो य उ विद्याया ँ् रताः ॥९॥

रा०कृ०भा० सामान्यार्थ– "ये" जो लोग "अविद्यामुपसाते" कर्मकाण्ड रूप अविद्या की उपासना करते हैं, वे "अन्धं तमः प्रविशन्ति" भगवत् स्वरूप का विस्मरण कराने वाले घोर नरक में पड़ते हैं। किन्तु "ये" जो लोग "उ" निश्चय ही "विद्यायां रताः" किसी एक देवता की उपासना में लग जाते हैं, वे तो "ततः" उससे भी "भूयः तमः" अधिक अन्धकार युक्त नरक में "इव प्रविशन्ति" प्रवेश करते हैं॥ श्री॥

भावार्थ– जो लोग भगवान् का भजन छोड़ कर केवल अविद्या अर्थात् वेदविहित सकामकर्म ही करते हैं, वे घोर अन्धकारमय नरक में पड़ते हैं। और उनसे भी अधिक घोर नरक में वे पड़ते हैं जो भगवद् भजन और कर्मकाण्ड दोनों छोड़कर किसी विशेष फल से देवता विशेष की उपासना करते हैं॥ श्री॥

व्याख्या– पूर्वाचार्यों के मत में "अविद्या" शब्द कर्मकाण्ड का वाचक है, और "विद्या" शब्द देवोपासना का, इसके पोषण में वे "अविद्यया पितृलोकः विद्यया देवलोक;" अर्थात् अविद्या से पितृलोक की प्राप्ति होती है और विद्या से देवलोक की इन दो श्रुतियों का उदाहरण देते हैं। उनके मत में जो लोग भगवद्भजन छोड़कर केवल कर्मकाण्ड में ही लगे रहते हैं, वे "अन्धं तमः" अर्थात् घोर नरक में पड़ते हैं। पर उनसे भी अधिक घोर नरक में वे पड़ते हैं जो भगवद्भजन और वैदिक कर्म दोनों छोड़ कर किसी एक देवता की उपासना रूप विद्या में लग जाते हैं। वस्तुतः यहाँ हमारा

मत कुछ अलग है, यहाँ ''अविद्या'' शब्द कर्मकाण्डपरक, और ''विद्या'' शब्द भगवद्भाव से रहित शुष्कज्ञान के अर्थ में है। ''अविद्या'' अर्थात् कर्मकाण्ड उतना हानिकारक नहीं है जितना कि भगवान् के प्रेम से रहित शुष्कज्ञान। इसलिये यहाँ दोनों का समुच्चय इष्ट है॥ श्री ॥

संगति– अब श्रुति विद्या और अविद्या दोनों की फल के भेद से विलक्षणता प्रस्तुत करती हैं, अर्थात् अलग-अलग रहकर ये दोनों पृथक-पृथक फल देती हैं, और जब दोनों मिल जाती हैं तब इनका भगवान् की प्राप्ति रूप फल में ही विश्राम हो जाता है।

अन्यदेवाहुर्विद्यया अन्यदाहुरविद्यया।
इति शुश्रुम धीराणां ये नस्तद्विचचक्षिरे॥१०॥

रा०कृ०भा० सामान्यार्थ– ''विद्यया'' ज्ञानकाण्डरूप विद्या से प्राप्त ''अन्यत् एव फलम् आहु:'' श्रुतियों ने दूसरा ही फल कहा है, और ''अविद्यया'' कर्मकाण्ड रूप अविद्या से प्राप्त फल ''अन्यत् आहु:'' पूर्व से विलक्षण पितृलोक रूपफल श्रुतियों ने कहा है। ''इति'' इस प्रकार से ''धीराणां'' धीर पुरुषों के पास से ''शुश्रुम'' हमने सुना है, ये धीर जो महात्मा जन ''न:'' हम लोगों के लिये ''तत्'' विद्या और अविद्या के रहस्य की ''विचचक्षिरे'' व्याख्या किये थे॥ श्री ॥

व्याख्या– श्रुति कहती है कि— जिन धीर पुरुषों ने कृपा करके हमें विद्या और अविद्या का रहस्य समझाया था, उनके पास से हमने ऐसा सुना है कि 'विद्या से प्राप्त होने वाला फल दूसरा है, और अविद्या से प्राप्त होने वाला फल दूसरा है।' ऐसा दोनों के सम्बन्ध में श्रुतियाँ कहती हैं—

''विद्यया देवलोकम्'' ''अविद्यया पितृलोकं'' विद्या से देवलोक मिलता है, और अविद्या से पितृलोक। ये दोनों ही पतनशील हैं। ''आहु:'' शब्द में आदरार्थक बहुवचन है। ''शुश्रुम'' ''विचचक्षिरे'' इन दोनों स्थलों पर परोक्ष में लिट् लकार हैं। अर्थात् हमें सन्तों ने सुनाया और हमने सुना पर कब सुनाया और कब सुना इस समय का हमें ज्ञान नहीं है, क्योंकि यह परम्परा अनादि है॥ श्री ॥

संगति– अब श्रुति विद्या और अविद्या (कर्म और ज्ञान) का समुच्चय कहती है—

विद्यां चाविद्यां च यस्तद्वेदोभयँ् सह।
अविद्यया मृत्युं तीर्त्वा विद्ययाऽमृतमश्नुते ।।११।।

रा० कृ० भा० सामान्यार्थ– 'य:' जो, 'विद्याम् अविद्याम् च' विद्या और अविद्या, 'तत् उभयम् वेद' इन दोनों को एक साथ समुच्चय के द्वारा जानता है, वह 'अविद्यया' कर्मकाण्ड से 'मृत्युं तीर्त्वा' मरणधर्मा संसार को पार करके 'विद्यया' विद्या द्वारा 'अमृतमश्नुते' अमृतत्व परमात्मा को प्राप्त कर लेता है।। श्री ।।

व्याख्या– जो व्यक्ति विद्या और अविद्या इन दोनों को समुच्चित करके भगवत्प्राप्ति में सहायक जानता है, वह अविद्या से संसार को पार करके विद्या देवोपासना अथवा ज्ञान से अमृत रूप परमात्मा को प्राप्त करता है। भले ही कोई कर्मज्ञान का समुच्चय न मानता हो पर कर्म और उपासना का समुच्चय तो मानना ही पड़ेगा। कर्म से भजन विरोधी मल नष्ट होते हैं और उपासना से विक्षेप समाप्त हो जाते हैं और अन्ततोगत्वा ज्ञान से आवरण भंग करके जीव भगवान् को प्राप्त कर लेता है। यद्यपि हमारे मत में तो ज्ञान का कर्म से समुच्चय है ही, इसीलिये श्रुति में दो बार चकार का प्रयोग करके विद्या और अविद्या (कर्म-ज्ञान) इन दोनों का समुच्चय कहा गया। ज्ञान के विना कर्म अधूरा और कर्म के विना ज्ञान निरर्थक। इसलिये स्मृति ने कहा "ज्ञात्वा-ज्ञात्वा प्रकुर्वीत" अर्थात् ज्ञानपूर्वक ही कर्म करना चाहिये। जो लोग ज्ञान का कर्म से समुच्चय नहीं मानते वे न्यायत: वेदविरोधवादी बौद्धदर्शन से प्रभावित हैं। ज्ञान से कर्म का समुच्चय न मानने के कारण ही दो हजार वर्ष तक भारत ने विदेशी आक्रमण झेले, और तथाकथित कर्मरहित ज्ञानवादियों ने भारत को नपुंसकप्राय बना डाला। वस्तुत: कर्म से शून्य ज्ञान लंगड़ा और ज्ञान विहीन कर्म अन्धे जैसा है। इन दोनों का भगवद् उपासना रूप प्रयाग में समुच्चय हो जाता है, इसीलिये हम सबको निष्काम बुद्धि से भगवान् की सेवा मानकर समाज का प्रत्येक कर्म करना चाहिये।। श्री ।।

संगति– अब भगवती श्रुति सम्भूति और असम्भूति की उपासना, दोनों के फलों में विलक्षणता तथा दोनों का समुच्चय कहती हैं। आने वाले तीन मंत्रों के अक्षरार्थ विचार के पहले हम भूमिका के रूप में सम्भूति और असम्भूति शब्दों पर विचार करेंगे। कुछ लोग सम्भूति शब्द से अव्याकृत और असम्भूति शब्द से व्याकृत उपासना को ग्रहण करते हैं। और कुछ लोग सम्भूति शब्द से परब्रह्म और असम्भूति शब्द से हिरण्यगर्भ की उपासना

मानते हैं। पर ये दोनों अर्थ यहाँ के प्रकरण से विरुद्ध हैं, इसलिये हम इन्हें नहीं स्वीकार सकते। क्योंकि परब्रह्म और हिरण्यगर्भ की उपासना से जीव को रौरव नरक की प्राप्ति होगी, यह कहना बहुत अनुचित है। इसी प्रकार व्याकृत उपासना से तो नरक की कल्पना करना भी पाप है। मेरे मत में यहाँ 'सम्भूति' शब्द पराप्रकृतिक के अर्थ में प्रयुक्त है, जो जीवनरूपा है। इसी में सम्यक् भूति अर्थात् ऐश्वर्य है ''सम्यक् भूतिः यस्यां सा सम्भूतिः'' और इसी के द्वारा जन्म-पालन और संहार के माध्यम से जीव इकट्ठे किये जाते हैं। इसी प्रकार अपरा प्रकृति को असम्भूति कहते हैं; यह भूमि-जल-अग्नि-वायु-आकाश-मन-बुद्धि और अहङ्कार नाम से आठ प्रकार की होती है। इसमें पूर्ण ऐश्वर्य नहीं होता, इसलिये इसे असम्भूति कहते हैं। भगवान् श्रीकृष्ण ने इन्हीं परा-अपरा प्रकृतियों की गीता (अ० ७/४-५) में चर्चा की है। इन्हीं की गीता (अ० १५/१६-१८) में क्षर और अक्षर नाम से चर्चा की गयी है। परा प्रकृति ही सम्भूति-अक्षर और जीव है, अपरा प्रकृति असम्भूति-क्षर और अचित् है। जड़ अर्थात् अपरा प्रकृति की उपासना से व्यक्ति अधोगति को प्राप्त होता है, और उससे भी अधिक अधोगति तब होती है, जब वह जीवभूत परा प्रकृति सम्भूति की उपासना करता है॥ श्री॥

क्योंकि यहाँ अहंकार की संभावना अधिक हो जाती है। यहाँ प्रश्न उठ सकता है कि ''अहं ब्रह्म'' जैसे श्रुति वाक्यों की संगति कैसे लगेगी? तो इसके दो उत्तर दिये जा सकते हैं। पहला तो यह कि— ब्रह्म और जीव का शरीर-शरीरिभाव संबन्ध है, अतः एकवचन वाला होता है। जैसे 'नीलो घटः'' यहाँ शब्दार्थ होगा ''नीलाभिन्नो घटः'' अथवा ''अभेद सम्बन्धेन नीलविशिष्टो घटः।'' उसी प्रकार ''अहं ब्रह्मास्मि'' में शरीरशरीरिभावसम्बन्धेन ''अहम् अभिन्नं ब्रह्म।'' और दूसरा समाधान यह है कि— प्रकृत मन्त्र में पढ़ा हुआ ब्रह्मशब्द चतुर्थी एकवचन विभक्ति से जुड़ा हुआ है, पर उस विभक्ति का ''सुपां सुलुक्'' सूत्र से लोप हो गया है। अतः ''अहं ब्रह्मास्मि'' का अर्थ होगा ''अहं ब्रह्मणे अस्मि'' मैं ब्रह्म के लिये हूँ॥ श्री॥

अतः 'सम्भूति' और 'असम्भूति' शब्द क्रम से परा और अपरा प्रकृति के बोधक हैं। इसी प्रकार पूर्ववर्णित विद्या और अविद्या के संबन्ध में भी मेरा एक नया पक्ष है। विद्या और अविद्या ये दोनों भगवान् की माया के ही भेद हैं। अविद्या अत्यंत दुष्ट और दुःखरूप है, यही जीव को संसार कूप में डालती है। ठीक इसके विपरीत विद्या त्रिगुणात्मिका होने से भगवान् की प्रेरणा के आधार पर जगत् की रचना करती है। यह तथ्य मानस अरण्यकाण्ड १५-४

से ७ तक स्पष्ट है। साधक को इन दोनों से विलक्षण परमात्मा को पाने के लिये यत्न करना चाहिये। इस प्रकार विद्या और अविद्या, तथा सम्भूति और असम्भूति इन दोनों के नवीनतम भाव केवल श्रीराघव की कृपा ने मुझे सुझाये। अब आइये मन्त्रों के अक्षरार्थ पर विचार कीजिये ॥ श्री ॥

अन्धं तमः प्रविशन्ति येऽसम्भूतिमुपासते।
ततो भूय इव ते तमो य उ सम्भूत्याँ् रताः ॥१२॥

रा०कृ०भा० सामान्यार्थ– जो लोग संसारिक सुख की इच्छा से "असम्भूति" अर्थात् क्षरस्वभाववाली अपरा पृथ्वी आदि आठ रूपों में विभक्त प्रकृति की उपासना करते हैं, वे भगवद् ज्ञान का हरण करने वाले घोर अन्धकारमय लोक को प्राप्त करते हैं। पर उनसे भी अधिक घोर अन्धकारात्मक लोक को वे प्राप्त करते हैं, जो लोग निश्चय करके केवल सम्भूति अर्थात् अक्षरात्मिका जीवरूपा परा प्रकृति में ही राग मानते हैं। यहाँ "तमः" शब्द तमोमय लोक का बोधक है। इस प्रसंग की विशद व्याख्या संगति में ही की जा चुकी है ॥ श्री ॥

संगति– अब सम्भूति और असम्भूति की विलक्षणता कही जाती है—

अन्यदेवाहुः सम्भवादन्यदाहुरसम्भवात्।
इति शुश्रुम धीराणां ये नस्तद्विचचक्षिरे ॥१३॥

रा०कृ०भा० सामान्यार्थ– यहाँ "सम्भव" शब्द सम्भूति का और "असम्भव" शब्द असम्भूति का वाचक है। श्रुतियों ने सम्भव अर्थात् सम्भूति से प्राप्त होने वाले फल को अन्य स्वरूप वाला, तथा "असम्भव" अर्थात् "असम्भूति" से प्राप्त होने वाले फल को अन्य स्वरूप वाला कहा है। इस प्रकार हमने उन धीर पुरुषों के श्रीमुख से सुना है जिन्होंने कृपा करके हमें "सम्भूति" और "असम्भूति" के रहस्य बताये ॥ श्री ॥

अर्थात् "सम्भूति" रूप परा प्रकृति उपासना का फल है अणिमादि सिद्धियों का भोग एवं "असम्भूति" अर्थात् अपरा प्रकृति का फल है सांसारिक निकृष्ट योनियों की प्राप्ति ॥ श्री ॥

संगति– अब सम्भूति और असम्भूति समुच्चय कहती है—

सम्भूतिं च विनाशं च यस्तद्वेदोभयँ् स ह।
विनाशेन मृत्युं तीर्त्वा सम्भूत्याऽमृतमश्नुते ॥१४॥

रा०कृ०भा० सामान्यार्थ– यहाँ "विनाश" शब्द असम्भूति का पर्याय है, इसी से इसका क्षरा प्रकृति होना सिद्ध हो जाता है। दो बार 'च' कार

कह कर श्रुति ने दोनों का समुच्चय कहा है। अर्थात् जो साधक ''सम्भूति'' याने अक्षरात्मिका पराप्रकृति, तथा ''विनाश'' याने ''असम्भूति'' क्षरा अपरा प्रकृति इन दोनों को समुच्चय के साथ भगवान् की उपासना सहायक जानता है, वह विनाश अर्थात् ''असम्भूति'' अपरा प्रकृति की उपासना से मृत्युरूप संसार सागर को पार करके अनन्तर ''सम्भूति'' अर्थात् परा प्रकृति की उपासना की सहायता से इन दोनों से विलक्षण चिदचिद्विशिष्ट रूप परमात्मा को प्राप्त कर लेता है। ये दोनों प्रकृतियाँ अलग-अलग उपाश्रित होकर क्रम से अणिमादिक भोग तथा सांसारिक निकृष्ट भोगरूप फल देती हैं और यही भगवान् की उपासना में सहायक बन कर समुच्चय में परमात्मा के दर्शन की भूमिका भी निभाती हैं।। श्री।।

संगति– यहाँ तक के उपनिषद् भाग से श्रुति ने ब्रह्म की व्यापकता भगवन्निमित्तकर्म तथा जीव के शोक-मोहसंतरण का उपाय एवं दो प्रकरणों से छः मन्त्रों में उपासना का रहस्य भी कहा। अब श्रुति उपनिषद् के अन्तिम अंश से भगवान् की समीपता प्राप्त करने के लिये चार मन्त्रों में प्रार्थना का प्रकार कह रही है। इस प्रकरण के पूर्व दो मन्त्रों में परमात्मा को ही सूर्य रूप में देखा गया है, और अन्त के दो मन्त्रों में वायु और अग्नि के नाम से ईश्वर की ही प्रार्थना की गयी है। यहाँ यह सतत ध्यान रखना होगा कि इन्द्र-वरुण-अग्नि-वायु आदि नामों से वेद ने भगवान् की ही स्तुति की है। जैसा कि ऋग्वेद में कहा भी गया है—

इन्द्रं मित्रं वरुणमग्निमाहुरथो
दिव्यः स सुपर्णो गरुत्मान्।
एकं सद् विप्रा बहुधा वदन्त्यग्निं
यमं मातरिश्वानमाहुः।।

—(ऋग्वेद १-१६४-४६)

हिरण्मयेन पात्रेण सत्यस्यापिहितं मुखम्।
तत्त्वं पूषन्नपावृणु सत्यधर्माय दृष्टये।।१५।।

रा०कृ०भा० सामान्यार्थ– हे पूषन्! सारे संसार के पोषक परमात्मा, ''हिरणमयेन पात्रेण'' पात्र के समान स्वर्णमय ज्योतिःपुञ्ज से ''सत्यस्य मुखम् अपिहितं'' सत्यस्वरूप आपका मुखस्वरूप द्वार ढका हुआ है। ''तत्'' उस स्वरूप को ''सत्यधर्माय'' सत्य भगवद् भजन ही जिसका धर्म है, ऐसे मुझ

साधक के लिये ''दृष्टये'' ठीक-ठीक दर्शन करने के लिये ''त्वम् अपावृणु'' आप खोल दीजिये ।। श्री ।।

व्याख्या– यहाँ ''हिरण्मय'' शब्द तेज:पुञ्ज अर्थ में प्रयुक्त है, जैसे स्वर्ण के पात्र से किसी का मुख ढका हो तो सामान्य दर्शक को स्वर्ण का पीला स्वरूप ही दिखेगा, अन्दर रखी हुयी वस्तु नहीं दिखेगी। उसी प्रकार संसार की चकाचौंध में छिपे परमात्मा नहीं दिखते। साधारण व्यक्ति को संसार की चकाचौन्ध ही दिखती है, अर्थात् भौतिकवाद की चटक-मटक में अध्यात्मवाद छिप जाता है। वह तो परमात्मा की कृपा से ही इस कठिन काल में साधक को प्रतीत हो पाता है। अत: श्रुति कहती है— जैसे कोई ढके हुये अपने मुख को स्वयं चाह कर ही खोल सकता है, उसी प्रकार यदि भगवान् ही चाहें तो ही इस भौतिकवाद के भड़कीले पर्दे को हटाकर अपना स्वरूप दिखा दें। श्रुति कहती हैं ''सत्यधर्माय'' अर्थात् मैं सत्यधर्म हूँ, सत्य अर्थात् आपका भजन ही मेरा धर्म है। इसीलिये सत्यस्वरूप के दर्शन का मुझे अधिकार है। अब इस मन्त्र का एक और आध्यात्मिक अर्थ प्रस्तुत किया जा रहा है। भगवान् का स्वरूप सूर्यमण्डल में विराजमान हैं, और प्राणि की दाहिनी आँखें में भी, यह बात ''बृहदारण्यक'' तथा ''छान्दोग्य उपनिषद्'' एवं अन्य स्मृतियों में भी बड़े समारोह से प्रस्तुत की गयी है। जैसे ''बृहदारण्यक'' उपनिषद् में वर्णन आता है— ''तद्यत्तत्सत्यमसौ स आदित्यो एव एतस्मिन्मण्डले पुरुषो यथा यश्चायं दक्षिणेऽक्षन्पुरुष:'' इसी प्रकार रामस्तवराज के ४९ वें श्लोक में भी भगवान् नारद कहते हैं ''सूर्यमण्डलमध्यस्थं रामं सीतासमन्वितम्'' अर्थात् मैं सूर्यमण्डल में स्थित सीता सहित भगवान् श्रीराम को प्रणाम करता हूँ। इस दृष्टि से भगवती श्रुति कहती है— हे परमेश्वर! आपका वह सीताभिराम लोकलोचनाभिराम नीलकमलदलश्याम मंगलमय स्वरूप सूर्यमण्डल से उसी प्रकार ढका हुआ है जैसे कोई अमृत जैसा बहुमूल्य द्रवपदार्थ किसी चमकीले सुवर्ण पात्र से ढका हुआ है। अथवा जैसे किसी का सुन्दर मुख किसी चमकीले तेजस्वी परदे से ढका हुआ होता है। आपका स्वरूप निहारने में सूर्यमण्डल की ये किरणें मेरे लिये बाधक हो रही हैं, इनसे मेरी दृष्टि चकपका रही है। इसे हे सूर्य के भी सूर्य इस ढक्कन अथवा इस पर्दे को आप हटा लीजिये, जिससे मैं आपको ठीक-ठीक देख सकूँ। भगवान् पूछते हैं क्यों हटा लूँ? तब श्रुति कहती है ''दृष्टये'' मेरी दृष्टि को सुख देने के लिये। क्योंकि इस चाकचिक्य में मैं आपको नहीं देख सकूँगा। भगवान् कहते हैं— मेरे दर्शन से तेरा क्या लेना देना? तब

श्रुति के माध्यम से साधक कहता है ''सत्यधर्माय'' सत्यो धर्मः यस्य तस्मै'' मेरा सत्य ही धर्म है, अभी तक मैं जो देख रहा हूँ, वह सब असत्य है, और वह मेरे लिये बहुत बड़ा अधर्म है। सत्य तो केवल आप और आपका स्वरूप है और वही मेरा धर्म है। अब तक मैं सपना देख रहा हूँ—

उमा कहहु मैं अनुभव अपना । सत हरि भजन जगत सब सपना ।।

—*(मानस ३-३८-५)*

इसीलिये हे परमात्मा! आप माया का चमकीला आवरण हटाकर मुझे अपने सत्यस्वरूप का दर्शन कराइये। कर्मकाण्ड की दृष्टि से यह मन्त्र जीव की अन्तिम यात्रा की प्रार्थना का है। अर्थात् जब जीवात्मा संसार यात्रा को पूर्ण करके पाञ्चभौतिकशरीर छोड़ कर सूर्यमण्डल की इच्छा करता है, तब वह सूर्य नारायण से प्रार्थना करता है कि— प्रभो! मैं अपने सामर्थ्य से आपके मण्डल का भेदन नहीं कर सकता आप ही कृपा करके इस जयोतिर्मय परदे को हटा लीजिये, जिससे मैं सत्यधर्मा परमात्मा को निहार सकूँ। इन तीनों अर्थों में बीच का ही अर्थ साधक के लिये अधिक अनुकरणीय है।। श्री।।

संगति– अब साधक भागवान् के दर्शन में व्यवधायक तेजोमय किरणों को हटाने के लिये ही सूर्य नारायण से प्रार्थना करता है—

पूषन्नेकर्षे यम सूर्यप्राजापत्य व्यूह रश्मीन्समूह।
तेजो यत्ते रूपं कल्याणतमं तत्ते पश्यामि योऽसावसौ
पुरुषः सोऽहमस्मि।।१६।

रा०कृ०भा० सामान्यार्थ– संसारयात्रा पूर्ण करके ब्रह्मलोक का यात्री सूर्यमण्डल के भेदन का इच्छुक जीवात्मा भगवान् सूर्य से प्रार्थना करता है। हे प्रभो! तुम पूषा अर्थात् सबके पोषक हो। तुम 'एक ऋषि' अर्थात् अद्वितीय आकाशगामी हो। तुम जीवों को दण्ड देने के लिये यमराज तथा सबके प्रेरक सूर्य हो। हे प्राजापत्य! प्रजापति कश्यप के पुत्र भगवान् सूर्य! 'रश्मीन् व्यूह' अपने किरणों को हटालो,जो तुम्हारा तेज है उसे समेट लो जिससे तुम्हारे मण्डल में छिपा हुआ जो कल्याणतम रूप है, उसे मैं देख सकूँ। जो तुम्हारे मण्डल में पुरुष दिख रहा है, और जो मेरी दाहिनी आँख के बीच विराजमान है, वह पुरुष मैं ही हूँ, अर्थात् उस पुरुष का अंशरूप जीवात्मा मैं हूँ। उस परमात्मा का मैं शरीर हूँ। ''यस्य आत्मा शरीरम्'' (बृ०उ० ३-७-२३) इसलिये उसका और मेरा अभेद सम्बन्ध से अन्वय है।

स्वरूप से परमात्मा से भिन्न रह कर ही उसे देखना चाहता हूँ अब इस मन्त्र का आध्यात्मिक अर्थ देखिये।

व्याख्या– भगवान् श्रीराम सूर्य के भी सूर्य हैं। जैसा कि वाल्मीकि रामायण २-४४ में स्पष्ट है। अत: सारे विशेषण भगवान् श्रीराम के ही गुणानुवाद में गतार्थ हो जाते हैं। हे सारे संसार के पोषक! भक्त के स्मरण मात्र से सर्वत्र उपस्थित होने वाले, 'एक' अर्थात् सभी उपमाओं से दूर, दुष्टों के लिये कोटि यमराज से भी भयंकर, सबके उर प्रेरक, ब्रह्मा आदि प्रजापतियों के भी देवता, हे प्रभु श्रीराम! आप अपनी मायामय रश्मियों को बटोर लीजिये, और अपने ऐश्वर्य प्रधान तेज को समेट लीजिये, इस विराट् स्वरूप को मैं नहीं देख सकूँगा। अर्जुन सरीखा महारथी भी इसे देख कर भयभीत हो गया "भयेन च प्रव्यथितं मानो मे" (गीता– ११-४५) तो मैं किस खेत की मूली। "यत्ते" अर्थात् आपका जो परम कल्याणमय नीले बादल के समान सुन्दर सीताभिराम धनुर्वाणोपलक्षित द्विभुज श्रीराम रूप है, "तत्ते पश्यामि" उसे मैं देखना चाहता हूँ। "असौ असौ यः पुरुषः" यहाँ प्राण के अर्थ में प्रयुक्त "असु" शब्द से औपश्लेषिक सप्तमी है संस्कृत में असु शब्द का प्राण अर्थ होता है, और उसका भानु की भाँति रूप चलता है। यहाँ वीप्सा में द्वित्व हुआ है, "असौ असौ" अर्थात् जो प्रत्येक जीव के प्राणों से चिपका हुआ परमात्मा है, वह मैं ही हूँ मैं अब देह-इन्द्रिय-मन और बुद्धि से ऊपर उठ कर आपकी शुद्ध सेवा करना चाहता हूँ। यहाँ "सः" शब्द परमात्मा का वाचक नहीं है, यहाँ जीवात्मा का ही बोधक है। यदि "असौ" शब्द से आदित्यमण्डल में विराजमान पुरुष ही लिया जाय तो भी "सः" शब्द तत् सदृश में लाक्षणिक होगा। जैसे "आत्मा वै जायते पुत्रः" पुरुष पिता की आत्मा होता है। इस श्रुति के अनुसार यदि पुत्र पिता की आत्मा ही है तो उसके जन्म के पश्चात् पिता की मृत्यु क्यों नहीं हो जाती? अत: यहाँ तत् सदृश में लक्षणा माननी पड़ती है। उसी प्रकार "सोऽहमस्मि" में भी तत् सदृश में लक्षणा माननी होगी। अर्थात् मैं भी सूर्य मण्डल में विराजमान पुरुष के (आप के) सदृश ही हूँ। क्योंकि मैं आपका पुत्र हूँ, अत: मुझे आपका रूप देखने का अधिकार है। भोगमात्र में जीवात्मा से परमात्मा के सादृश्य को तो 'ब्रह्मसूत्रकार' भी स्वीकारते हैं ॥ श्री ॥

"भोगमात्रसाम्यलिंगात्"

—(ब्र०सू० ४-४-१८)

अत: जो लोग "सोऽहमस्मि" शब्द को सुन कर विना सोचे-समझे अपने को ही परमात्मा बन बैठे हैं, वे भयंकर भूल कर रहे हैं। वस्तुत: जीवात्मा मुक्तावस्था में परमात्मा के ही समान भोगों का अधिकारी हो जाता है। "सोऽश्नुते सर्वान् कामान् सह ब्रह्मणा विपश्चिता" (तै०उ० १-१) अर्थात् मुक्त जीव भगवान् के समीप रह कर भगवान् के साथ ही सभी भोगों को समान रूप से भोगता है, जेसे पुत्र पिता के साथ एक ही थाली में भोजन करता है। अत: "सोऽहमस्मि" का अर्थ है "तत् सदृश: अहमस्मि" मैं परमेश्वर का पुत्र होने से अथवा उनका शरीर होने से उन्हीं के समान हूँ॥ श्री॥

संगति– अब संसार से विरक्त हुआ, भगवान् के समीप जानेवाला, मुमुक्षु जीवात्मा इस नाशवान् शरीर की ममता त्यागकर बार-बार भगवान् के स्मरण की प्रार्थना करता है—

वायुरनिलममृतमथेदं भस्मान्त ँ् शरीरम्।
ॐ क्रतो स्मर कृत ँ् स्मर क्रतो स्मर कृत ँ् स्मर॥१७॥

रा०कृ०भा० सामान्यार्थ– इस मन्त्र के भी तीन अर्थ होंगे।

(१) वायु ही अनिल सूक्ष्म वायु और अमृत सबका जीवनधारक है। हे ओंकार स्वरूप परमात्मा! अथवा हे जीवात्मा! तुम अपने किये हुये कर्मों का स्मरण करो, और भगवान् के किये हुये उपकारों का स्मरण करो॥ श्री॥

(२) "ओम्" हे सारे संसार के रक्षक परमात्मा! "अथ" यह शरीर छोड़ने के पश्चात् मेरा यह पञ्चप्राणात्मक वायु "अनिलम्" अर्थात् आपके विभूतिरूप पवन देवता में प्रवेश कर जाय और वह पवन देवता "अमृतम्" अमृतरूप आपमें विलीन हो जाय। "शरीरं भष्मान्तं" मेरा यह मरा हुआ शरीर परिजनों द्वारा अन्त्येष्टि की विधि से भष्म कर दिया जाय। हे क्रतो! यज्ञेश्वर भगवान् श्रीराम "कृतं स्मर" यदि मैंने जीवन में कोई सत् कर्म किया हो तो उसे स्मरण कीजिये, विकर्मों को भूल जाइये। हे यज्ञमय परमात्मा! मेरे द्वारा किये हुये आपके नित्यसेवारूप संकल्प को स्मरण कीजिये, और मेरी अयोग्यता को भूल जाइये, अब मैं आपका नित्य परिकर बनना चाहता हूँ॥ श्री॥

(३) यहाँ पुत्रवत्सला भगवती श्रुति जीव को उपदेश दे रही हैं कि हे जीवात्मा! अब तो तुम्हारे पास कुछ भी नहीं रह रहा है, तुम्हारा प्राणवायु सूक्ष्मवायु में मिल जाय, और वह वायु भी अमृतरूप भगवान् में लीन हो

जाय और तुम्हारा हाड़मांस का शरीर लोगों द्वारा जला दिया जाय, तुम [illegible]
चिन्ता मत करो। हे संकल्पमय! तुम तो पहले अपने कुकृत्यों का [illegible]
करो और उनके बदले में अपने साथ किये हुये भगवान् के उप[illegible]
स्मरण करो। भगवान् ने कितनी कृपा करके तुम्हें मानव शरीर दिया [illegible]

संगति– उपनिषद् के अन्तिम मन्त्र में भगवान् की विभूति अ[illegible]
नाम स्मरण व्याज से साधक जीवात्मा भगवान् का स्मरण करता हु[illegible]
सुन्दर मार्ग से अपने समीप ले जाने के लिये परमात्मा से प्रार्थना [illegible]
हुआ परमेश्वर के भजन में बाधक अपने पापों को नष्ट करने के लिये [illegible]
से अनुरोध करता हुआ, भगवान् का नित्य परिकर जीवात्मा प्रभु के [illegible]
पंकजों में कोटि-कोटि प्रणाम निवेदित कर रहा है। यह श्रुति संहिता[illegible]
की श्रुतियों की शिरोमणि है—

अग्ने नय सुपथा राये
अस्मान्विश्वानि देव वयुनानि विद्वान्।
युयोध्यस्मज्जुहुराणमेनो भूयिष्ठां
ते नम उक्तिं विधेम ॥१८॥

रा०कृ०भा० सामान्यार्थ– इस मन्त्र के भी दो अर्थ हैं—

प्रथम अर्थ– कर्मकाण्ड की दृष्टि से यह अग्नि की प्रार्थना है। [illegible]
शब्द संस्कृत में ऐश्वर्य का वाचक है, "एनः" शब्द का अर्थ पाप, [illegible]
"जुहुराण" शब्द कुटिल के अर्थ में प्रयुक्त होता है।"वयुनि" शब्द यहाँ सं[illegible]
अथवा कर्म के अर्थ में प्रयुक्त हुआ है। अन्त्येष्टि के समय जीवात्मा [illegible]
से प्रार्थना करता हुआ कहता है, हे अग्निदेव! आप हमारे सुकृत और दु[illegible]
को जानते हैं, फिर भी हमें मोक्षरूप लाभ के लिये 'सुपथ' अर्थात् दे[illegible]
से ले जाइये। इस कुटिल पाप को हम से अलग कर दीजिये, हम [illegible]
चरणों में अनेक नमस्कार निवेदित कर रहे हैं॥ श्री॥

द्वितीय अर्थ– वेदों के महातात्पर्य परब्रह्म भगवान् श्रीराम की [illegible]
के रूप में है। यहाँ अग्नि शब्द पूज्य और अग्रगामी के अर्थ [illegible]
हुआ है, "अग्रे नीयते इत्यग्निः" हे सभी देवताओं में पूज्य [illegible]
भगवान् राम! "विश्वानि वयुनानि विद्वान्" हमारे सभी सुकर्म कु[illegible]
जानते हुये भी आप उन पर ध्यान न दें, और हमें "राये" [illegible]
सेवारूप धन के लिये "सुपथा नय" श्रीवैष्णवों के चरण कमलों [illegible]

मार्ग से ही साकेत लोक ले चलिये। आपके भजन में बाधक ''जुहुराण'' अर्थात् इस कुटिल पाप को ''अस्मद् युयोधि'' हम से दूर करिये। हम आपके चरणों में अनेकानेक नमस्कार की उक्ति निवेदित करते हैं। ''नमसाम् उक्तिः नम उक्तिः''। आशय यह है कि— अब तो हमारा शरीर ही नहीं रहा, जिससे हम आपको साष्टाङ्ग प्रणाम कर सकें। इस समय तो केवल अपने संकल्प की सूक्ष्म वाणी से हम नमः-नमः ही कह सकते हैं।

इस उपनिषद् का शास्त्रार्थ इस प्रकार समझना चाहिये— ''ईशावस्योपनिषद्'' के अठारह मन्त्रों से श्रुति ने गीता के अठारह अध्याय, महाभारत के अठारह पर्व, अठारह पुराण, अठारह स्मृतियों, भागवत के अठारह हजार श्लोक तथा अठारह विद्याओं के परम तात्पर्यरूप परब्रह्म भगवान् श्रीसीताराम का ही गान किया है। प्रथममन्त्र में परमेश्वर का स्मरण, द्वितीय मन्त्र से चित् स्वरूप जीव की व्याख्या, तृतीय मन्त्र से अचित् का वर्णन, पुनः दो मन्त्रों से चिदचिद्विशिष्ट परमात्मा का निर्वचन, फिर दो मन्त्रों से विशिष्टाद्वैतवाद की प्रक्रिया से परमात्म दर्शन, अष्टममन्त्र से भगवद् दर्शन का फल, अगले छः मन्त्रों से ज्ञान और कर्म का समुच्चय, तथा दो मन्त्रों में परमेश्वर के स्वरूप दर्शन की प्रार्थना, एवं अन्त के दो मन्त्रों में शरणागति के सिद्धान्त का वर्णन। इस प्रकार सम्पूर्ण ईशावास्योपनिषद् भगवान् की शरणागति रूप प्रपत्ति में ही गतार्थ हो जाती है। और यही श्रीमदाद्यरामानन्दाचार्य भगवान् का सर्वश्रुतिसम्मत मन्तव्य भी है॥ श्री॥

ईशावास्य उपनिषद् भाषा भाष्य मनोरम
राघव कृपा सुनाम सकल वैष्णव हृदयङ्गम।
तुलसी पीठाधीश्वर निज मंजुल मति भाष्यो
रामानन्दाचार्य रामपदरज अभिलाष्यो॥
सीतारामकृपाविमलश्रुतिसम्मत व्याख्या करी
रामभद्र आचार्य मन शिशु राघव मूरति धरी॥

॥ श्री सीतार्पणमस्तु॥

॥ इति श्रीचित्रकूटपीठाधीश्वर जगद्गुरु श्रीरामानन्दचार्य प्रणीत श्रीईशावास्योपनिषद् का श्रीराघवकृपाभाष्य सम्पूर्ण हुआ॥ श्री॥

॥ श्रीराघवः शन्तनोतु॥

●

।। श्रीः ।।

ध्रुवमिदं, विश्वस्य विश्वेऽपि विचरकाश्चामनन्ति यज्जीवेनात्यन्तिकं सुखं नोपलब्धुं शक्यते केवलैः सांसारिकैर्भोगैः। तत्कृते तु तैः जगन्नियन्तुः परमात्मनः शरणमेवाङ्गीकरणीयम्। अनादिकालादेव सर्गेऽस्मिन् ब्रह्मजिज्ञासासमाधानपराः विचाराः प्रचलन्ति। विषयेऽस्मिन् सर्वे दार्शनिकाः सहमता यद्वेदैरेवास्य गूढरहस्यात्मकस्य परब्रह्मणः प्रतिपादनं सम्भवम्।

परब्रह्मणो निश्वासभूता अनन्तज्ञानराशिस्वरूपाः वेदाः ज्ञानकर्मोपासनाख्येषुत्रिषु काण्डेषु विस्कृताः सन्ति। एषां ज्ञानकाण्डाख्य उपनिषद्भागे वेदान्तापरनामधेया ब्रह्मविद्या वैशद्येन विर्वोचता व्याख्याता चास्ति। आसामुपनिषदां सम्यग्ज्ञानेनैव ब्रह्मज्ञानं तेन च भवदुःखनिवृत्तिरित्युपनिषदां सर्वातिशायिमहत्वं राद्धान्तयन्ति मनीषिणः। आसु प्रश्नोत्तरात्मकातिरमणीयसुमम्यसरलशैल्या जीवात्मपरमात्मनोर्जगतश्च विस्तृतं व्याख्यानं कृतमस्ति। अनेकैर्महर्षिभिरनेकैः प्रकारैरुद्भावितानां ब्रह्मविषयकप्रश्नानां समाधानानि ब्रह्मवेतृणां याज्ञवल्क्यादिमहर्षीणां मुखेभ्य उपस्थापयन्त्युपनिषदः। भगवता वेदव्यासेन ब्रह्मसूत्रेषु भगवता श्रीकृष्णेन च श्रीगीतायामासामेव सारतत्वं प्रतिपादितम्।

भारतीयदर्शनानामाधारभूता इमे त्रयो ग्रन्थाः विभिन्नसम्प्रदायप्रवर्तकैराचरयैर्व्यख्याताः। एष्वद्वैतवादिन आद्यशङ्कराचार्याः प्रमुखा, अन्ये च द्वैतशुद्धाद्वैतद्वैताद्वैतशिवाद्वैतदिवादिनो विद्वांसः स्वस्वमतानुसारमुपनिषदः व्याख्यापयांबभूवुः।

अथ साम्प्रतिकभारतीयदार्शनिकमूर्धन्यैर्वेदवेदाङ्गपारङ्गतैर्धर्मध्वजधारिधौरेयैः श्रीरामानन्दाचार्यैः श्रीरामानन्दाचार्य श्रीरामभद्राचार्यमहाराजैर्विशिष्टाद्वैतसिद्धान्तमनुसृत्य कृतामिदमुपनिषदां **''श्रीराघवकृपाभाष्यम्''** सर्वत्रैवाभिनवविचारैर्व्युत्पत्तिभिश्चालङ्कृतं विभाति। भाष्येऽस्मिन्नाचार्यचरणैः शब्दव्युत्पत्तिचातुरीचमत्कारेण सर्वोपनिषदां प्रतिपाद्यः भगवान् श्रीराम एवेति सिद्धान्तितम्। मध्ये मध्ये गोस्वामिश्रीतुलसीदासग्रन्थेभ्यः ससंस्कृतरूपान्तरमुदाहृता अंशविशेषासुवर्णे सुरभिमातन्वन्ति। श्रीराघवपदपद्ममधुकराः भक्ता अत्रामन्दानन्दमाप्नुयुरिति भगवन्तं श्रीराघवं निवेदयति।

डॉ. शिवरामशर्मा
वाराणसी